



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 244 | ग्वालियर, मंगलवार 24 मई 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## भाजपा में मुसलमानों को परेशान करने की प्रतियोगिता चल रही : महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने हिंदुओं को मुसलमानों के खिलाफ खड़ा किया और आज भाजपा ऐसा काम कर रही है, इतना ही नहीं प्रधानमंत्री चुपचाप देख रहे हैं। दरअसल, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने छोटे बच्चों के लिए मदरसा शिक्षा का विरोध कर कहा था कि किसी भी धार्मिक संस्थान में प्रवेश उस उम्र में होना चाहिए जिसमें व्यक्ति अपने निर्णय खुद ले सके। इस पर पीडीपी प्रमुख की आक्रामक टिप्पणी सामने आई। जिसमें उन्होंने कहा कि देश को गुजरात मॉडल, यूपी मॉडल, असम मॉडल, एमपी मॉडल में बदलने का प्रयास हो रहा है। आप इसे कुछ भी कह सकते हैं। मुख्यमंत्री आपस में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, कि मुसलमानों को सबसे ज्यादा कौन परेशान कर सकता है। इसलिए मंदिरों और मस्जिदों के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। महबूबा ने कहा कि इनका कम्पटीशन चल रहा है कि हमें देश को गुजरात मॉडल बनाना है या उत्तर प्रदेश मॉडल बनाना है। ये असम के मुख्यमंत्री से भी दो कदम आगे जाना चाहते हैं। हमारे सामने मिशाल है कि गुजरात में क्या हुआ, उत्तरप्रदेश में मुसलमानों के साथ क्या हो रहा है। महबूबा ने कहा कि ये इस मुल्क की बुनियाद को हिलाने की बात कर रहे हैं।



## भीषण गर्मी के कहर से जल्द निजात की उम्मीद, कई हिस्सों में प्री-मानसून बारिश की संभावना



**नई दिल्ली।** देश में पड़ रही भीषण गर्मी से जल्द निजात मिलने की उम्मीद भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने जताई है। आईएमडी ने कहा है कि देश में भीषण गर्मी की लहर से राहत मिलने वाली है। मौसम केंद्र के मुताबिक, अगले 3-4 दिनों के दौरान देश के किसी भी हिस्से में लू चलने की संभावना बेहद ही कम है। देश के उत्तर-पश्चिम हिस्सों में लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी, क्योंकि अगल 3 दिनों में इन क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। वहीं मौसम विभाग ने केरल के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। अगर बात करें दिल्ली-एनसीआर की तो अगले 24 घंटे में यहां 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में 25 मई तक अधिकतम तापमान 38 से 39 डिग्री तक बना रहेगा। इस दौरान आंधि और बरिश की हल्की गतिविधियां होंगीं। 26 मई के बाद एक बार फिर से तापमान बढ़ने लगेगा। वैसे आज पश्चिम बंगाल, सिक्किम के कुछ हिस्सों, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल के कुछ हिस्सों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं अगले 24 घंटे में पश्चिमी हिमालय और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ जाएंगी। साथ ही हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की गतिविधियां हो सकती हैं। पूर्वोत्तर भारत, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। उत्तर और पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। पंजाब, हरियाणा, और उत्तर प्रदेश कुछ हिस्सों में अलग-अलग ओलावृष्टि गतिविधियों के साथ धूल भरी आंधी, गरज के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। कोंकण और गोवा, दक्षिण मध्य महाराष्ट्र, रायलसीमा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश संभव है।

### बारिश से फसल हुई खराब, लाल होने लगा टमाटर

**नई दिल्ली।** देश में टमाटर की कीमतों में फिर से उछाल आने की संभावना है। इसका कारण है महाराष्ट्र के कोल्हापुर और आसपास के जिलों में प्री–मानसून की बारिश ने सब्जियों की फसलों को जबरदस्त नुकसान हुआ है। इस कारण यहां अब कटाई भी स्थगित कर दी गई है। इसका असर टमाटर की फसल पर भी साफ देखा जा रहा है। यहां के सब्जी मंडियों में दूर–दूर से किसान अपनी उपज बेचने के लिए पहुंचते हैं, लेकिन ज्यादा किसान टमाटर या पत्तेदार सब्जियां बेचते नहीं दिखे। जो भी किसान टमाटर बेच रहा था, वह या खराब हो गया या कच्चा था। इस वजह से यहां टमाटर 100 रुपये प्रति किलो बिकने लगा है।बता दें कि पिछले दिनों ही सब्जियों खासकर टमाटर की कीमत में काफी तेजी आई थी। इसके बाद फिर से टमाटर की कीमतें आसमान छू सकती हैं। कोल्हापुर के किसान के मुताबिक, 15 मई के बाद से टमाटर 50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिका है। इससे पहले 30–40 रुपये प्रति किलो बेचा जा रहा था। आपूर्ति कम होने के कारण करीब 15 किलो टमाटर ही मिल सका है। आमतौर पर किसानों से चार से पांच क्रेट मिलते हैं। अब किसान परिवहन और श्रमिकों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए अतिरिक्त लागत की वसूली के लिए भी उच्च कीमत की मांग कर रहे हैं। बता दें कि पिछले साल इसी दौरान टमाटर 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा था और जून के अंतिम सप्ताह तक भाव 100 रुपये प्रति किलो बढ़ गया था। इसके बाद कीमत घटकर 10 रुपये प्रति किलो रह गई। हरी और पत्तेदार सब्जियां एक समान ट्रैक पर चल रही हैं।

## मदिरा दीवानें अब घर में ही बना सकेंगे मदिरालय, पहला होम बार लाइसेंस गाजियाबाद में जारी

**गाजियाबाद।** मदिरा दीवानें अब घर में मदिरालय बना सकेंगे। अब कोई भी व्यक्ति अपने घर में दोस्तों रिश्तेदारों को शराब परोसने के लिए होम बार लाइसेंस ले सकता है। गाजियाबाद जिले में इसकी शुरुआत कर दी गई है। मुरादनगर क्षेत्र के लिए पहला होम बार लाइसेंस जारी किया गया है। यह लाइसेंस एक साल को मान्य होगा। अधिकारियों की मानें तो कोई भी व्यक्ति अपने घर में शराब की चार बोतल से ज्यादा नहीं रख सकता, लेकिन अब शराब पीने व पिलाने के शौकीन होम बार लाइसेंस ले सकेंगे। हालांकि, इसके लिए आबकारी विभाग के नियमों का पालन करना होगा। लाइसेंस पाने वाला व्यक्ति एक साथ 84 बोतल से ज्यादा स्टॉक में नहीं रख सकता। बार में मौजूद शराब के ब्रांड भी तय हैं। देशी व विदेशी किसी भी ब्रांड की चार बोतल से ज्यादा नहीं रख सकते। इसके साथ ही बीयर की 12 बोतल रखने की इजाजत होगी। व्हिस्की, बोदका, रम, देशी शराब, बीयर, सैंपेन, स्कॉच व्हिस्की के अलावा भी कई श्रेणी तय की गई हैं। हर श्रेणी के में तय सीमा तक ही बोतल होम बार में रखी जा सकती हैं। पहला होम बार लाइसेंस मुरादनगर क्षेत्र में एक व्यापारी को जारी किया गया है। इसके लिए कुछ नियम भी निर्धारित किए गए है जैस 1। बिक्री के लिए नहीं अपने अतिथियों को शराब पिलाने की होगी इजाजत, 2। लाइसेंस धारक 20 फीसदी आयकर के दायरे में आना चाहिए, 3। पांच साल का आयकर रिटर्न होना जरूरी, एक साल के लिए जारी किया जाएगा लाइसेंस आदि। लाइसेंस प्राप्त करने वाला व्यक्ति आयकर सीमा के 20 फीसदी वाले स्लैब में शामिल होना चाहिए। इसी स्लैब में पांच साल से आयकर जमा कर रहा हो।





## एलन मस्क बोले ज्यादा बच्चे पैदा करने से पर्यावरण में बनेगा संतुलन

**वॉशिंगटन।** स्पेसएक्स और टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क अपने बयानों और अपने ट्वीट को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ज्यादा बच्चे पैदा करना पर्यावरण के लिए अच्छा होता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑल-इन समिट में बोलते हुए सात बच्चों के पिता एलन मस्क ने कहा कुछ लोग सोचते हैं कि कम बच्चे पैदा करना पर्यावरण के लिए बेहतर है। एलन मस्क ने कहा यह बिल्कुल बकवास है। अगर हम इंसानों के आकार को दोगुना कर दें तो भी पर्यावरण ठीक रहेगा। मस्क ने आगे कहा कम से कम हमारे नंबर बनाए रखें। हमें नाटकीय रूप से बढ़ने की जरूरत नहीं है, लेकिन हम इसे कम से कम धीरे-धीरे बढ़ा सकते हैं। टेस्ला के सीईओ ने जापान की घटती जन्म दर का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा जापान यहां एक प्रमुख संकेतक है। पिछले साल जापान की आबादी में 600,000 लोगों की गिरावट आई है। मस्क ने दावा किया कि पूर्वी एशियाई देश का अस्तित्व समाप्त हो सकता है, क्योंकि इसकी जन्म दर घट रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सभ्यता में कुछ भी नहीं घटाया जा सकता है।

## मक्खन पर नहीं पत्थर पर लकीर खींचता हूं मेरे संस्कार ही ऐसे हैं: पीएम नरेंद्र मोदी



**नई दिल्ली।** मुझे मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता, पत्थर पर लकीर खींचता हूं। मुझे संस्कार ही कुछ ऐसे मिले हैं कि हमेशा बड़ी चुनौतियों और लक्ष्यों के लिए काम करता हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने जापान में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज भारत जब आजादी के 75 सालों को जश्न मना रहा है तो हम आने वाले 25 सालों की योजना भी तैयार कर रहे हैं। हमने बहुत बड़े संकल्प लिए हैं, जो कठिन लगते हैं। लेकिन मुझे जो संस्कार मिले हैं और जिन लोगों ने मुझे गढ़ा है, उससे मेरी एक आदत पड़ गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, %मुझे मक्खन पर लकीर खींचने में मजा नहीं आता, पत्थर पर लकीर खींचता हूं। मेरे साथ 130 करोड़ देशवासियों का आत्मविश्वास, संकल्प और सपने हैं। इन्हें पूरा करने का विराट सामर्थ्य हमारे पास है और इसका परिणाम जरूर आएगा।% उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में ग्लोबल सप्लाई चेन को नुकसान पहुंचा है और उस पर सवाल खड़े हुए हैं। हम इस संकट से भविष्य में बचने के लिए आत्मनिर्भरता के संकल्प की ओर आगे बढ़ रहे हैं। हमारा यह निवेश सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि ग्लोबल चेन के लिए है। आज पूरी दुनिया को अहसास हो रहा है कि भारत जिस स्पीड और स्केल पर काम कर सकता है, वह अभूतपूर्व है। दुनिया ने यह भी देखा है कि कैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर और संस्थाओं के निर्माण के लिए तेजी से हम काम कर रहे हैं। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट समेत कई परियोजनाएं भारत और जापान के सहयोग के उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, %भारत में बदलावों की वजह यह है कि हमने एक सशक्त लोकतंत्र की पहचान बनाई है और लोगों को डिलिवरी हो रही है। आज देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से वे लोग भी जुड़ रहे हैं, जो कभी गर्व से यह नहीं मानते थे कि वे भी हिस्सा हैं। भारत के चुनावों में अब पुरुषों से ज्यादा महिलाएं वोट डाल रही हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भारत में डेमोक्रेसी सामान्य नागरिकों के हकों के प्रति कितनी सजग और समर्पित है।

## खास खबर

### सिद्धू को नहीं रास आ रहा जेल का खाना गेहूं से है एलर्जी मिल रही उबली सब्जियां

**नई दिल्ली।** करीब तीन दशक पुराने रोड रेज मामले में सजा काट रहे कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को स्वास्थ्य की चिंता सता रही है। खबर है कि गेंहू से एलर्जी को लेकर चिंताएं जाहिर की थी। कहा जा रहा है कि सिद्धू की डाइट के संबंध में जल्दी फैसला लिया जाएगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता को 1 साल जेल की सजा सुनाई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को जेल कैंटीन से केवल उबली हुई सब्जियां दी जा रही हैं। सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में पटियाला सेंट्रल जेल में रखा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सिद्धू को कोर्ट के आदेश पर डाइट पर फैसले लेने के लिए सरकारी राजेंद्र अस्पताल ले जाया जाएगा।, सिद्धू को पटिलयाला सेंट्रल जेल की बैरक संख्या 10 में रखा गया है। सूत्रों ने बताया था कि कांग्रेस नेता ने पहली रात खाना भी नहीं खाया था। सूत्रों ने बताया कि सिद्धू को बैरक में चार अन्य कैदियों के साथ रखा गया है। उन्होंने बताया कि सिद्धू ने जेल में पहली रात खाना नहीं खाया क्योंकि वह पहले ही खाना खाकर आए थे। कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू कारागार में कैदी संख्या 1,37,683 है। सिद्धू को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है, इसलिए उन्हें कारागार में काम भी करना होगा।

### नोएडा की निठारी बाजार में भीषण अग्निकांड, तीन दुकानें जलकर राख

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा के निठारी बाजार इलाके में लगी आग की चपेट में आकर तीन दुकानें जलकर राख हो गई हैं। आग लगने की जानकारी आसपास के दुकानदारों ने फायर ब्रिगेड को दे दी है। इस घटना के बाद निठारी बाजार में अफरा-तफरी मच गई है। आग लगने की इस घटना के बाद आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानों में रखा सामान हटाकर उसे सुरक्षित जगह पहुंचाने में जुटे हैं। आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं। आग की चपेट में आई निठारी बाजार की दुकानों से धुएं का गुबार उठ रहा है। जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर 20 थाना क्षेत्र के निठारी मार्केट में सोमवार को सबकुछ सामान्य चल रहा था। इसी बीच बाजार की एक दुकान से धुआं उठता दिखा। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते तीन दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। आग की विकराल लपटों ने निठारी बाजार की तीन दुकानों को अपने आगोश में ले लिया।ये देख आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आसपास के दुकानदारों ने अपनी दुकान से सामान निकालकर उसे सुरक्षित जगह पर हटाना शुरू कर दिया। लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को देने के साथ ही आग बुझाने की कोशिशें शुरू कर दीं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके की ओर रवाना हो गई हैं। आसपास के लोग आग पर काबू पाने की कोशिशों में जुटे हैं।

### रतलाम में निकाह के जुलूस में मंदिर के सामने बजाया डीजे, दोनों पक्षों में पथराव, 9 पर केस दर्ज

**रतलाम।** एमपी के रतलाम जिले में सांप्रयायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की खबर है यहां दो पक्षों के बीच जमकर हंगामा और पत्थरबाजी हुई। बताया जा रहा है कि यहां स्थित एक मंदिर के सामने डीजी बजाने पर यह सारा विवाद हुआ है। जिसके बाद दोनों ही पक्षों की तरफ से पत्थर भी फेंके गये हैं। इस मामले में पुलिस ने ताबड़तोड़ एक्शन भी लिया है। घटना ताल थाना क्षेत्र के कोटड़ी गांव की बताई जा रही है। दरअसल इस इलाके में निकाह का जुलूस निकाला जा रहा था।

## मंकीपॉक्स को लेकर सतर्क बीएमसी, कस्तूरबा अस्पताल में 28 बिस्तरों वाला वार्ड तैयार किया



**मुंबई।** इनदिनों कुछ देशों से मंकीपॉक्स के मामले सामने आने के बाद मुंबई के नगर निकाय ने कस्तूरबा अस्पताल में संदिग्ध मरीजों को पृथक रखने की व्यवस्था के तहत 28 बिस्तरों वाला एक वार्ड तैयार रखा है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि अब तक मुंबई में मंकीपॉक्स के किसी भी संदिग्ध मरीज या पुष्ट मामले की कोई सूचना नहीं मिली है। पशुओं से फैलने वाले संक्रामक रोग के बारे में जारी परामर्श में बीएमसी ने कहा कि हवाई अड्डे के अधिकारी बीमारी से प्रभावित और गैर-प्रभावित देशों, जहां इसका प्रकोप बढ़ने की आशंका है, वहां से आने वाले यात्रियों की जांच कर रहे हैं। परामर्श में कहा गया है, ''संदिग्ध मरीजों को पृथक रखने के लिए कस्तूरबा अस्पताल में एक अलग वार्ड (28 बेड) तैयार कर उनके नमूने पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) को जांच के लिए भेजे जाएंगे। मुंबई में सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को सूचित किया गया है कि वे मंकीपॉक्स के किसी भी संदिग्ध मामले के बारे में कस्तूरबा अस्पताल को सूचित कर मरीजों को वहां भेज दें। बात दें कि मंकीपॉक्स पशुओं से फैलने वाला वायरल संक्रामक रोग है, जो मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षावन क्षेत्रों में होता है और कभी-कभी अन्य क्षेत्रों में संक्रमण के मामले देखे गए हैं। परामर्श में बताया गया है, मंकीपॉक्स में आमतौर पर बुखार, दाने निकलने और सूजन जैसे लक्षण दिखते हैं, इससे चिकित्सा संबंधी कई जटिलताएं हो सकती हैं। बीएमसी ने कहा कि ये लक्षण आमतौर पर दो से चार सप्ताह तक दिखते हैं और धीरे-धीरे ठीक हो जाते हैं। कभी कभी मामले गंभीर हो सकते हैं और इस रोग से मृत्यु दर 1-10 प्रतिशत तक है। यह बीमारी जानवरों से इंसानों में और फिर इंसान से इंसान में फैल सकती है। परामर्श में कहा गया है, वायरस कटी-फटी त्वचा (भले ही दिखाई न दे), श्वास नली या श्लेष्मा झिल्ली (आंख, नाक या मुंह) के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है। परामर्श के मुताबिक पशु-से-मानव में वायरस का संचरण काटने या खरोंच, बुशमीट (जंगली जानवरों के मांस), शरीर के तरल पदार्थ या जख्मों के सीधे या अप्रत्यक्ष संपर्क में आने जैसे कि संक्रमित व्यक्ति के कपड़े, बिस्तर के संपर्क में आने से फैल सकता है। माना जाता है कि मानव-से-मानव में संक्रमण मुख्य रूप से बड़ी श्वांस कणों के माध्यम से होता है, जिन्हें आमतौर पर लंबे समय तक निकट संपर्क की आवश्यकता होती है।

## कुतुबमीनार परिसर में कोई भी खुदाई नहीं होगी : सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र ने उन रिपोर्ट्स को नकारा हैं, जिनमें कुतुबमीनार परिसर की खुदाई की बात कही गई। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जीके रेड्डी ने कहा कि मंत्रालय ने इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है। इससे पहले रिपोर्ट थी कि मंत्रालय ने इस तरह के आदेश देने के साथ कुतुबमीनार परिसर में मूर्तियों की आइकोनोग्राफी कराए जाने का भी निर्देश दिया है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री रेड्डी ने कहा कि भारतीय पुरात्व सर्वेक्षण यानी एएसआई की ओर से कुतुबमीनार परिसर में कोई भी खुदाई नहीं की जाएगी। अब तक इस बारे में मंत्रालय ने कोई भी निर्णय नहीं लिया है।

ज्ञानवापी मस्जिद विवाद के साथ ही कुतुब मीनार को लेकर भी विवाद सामने आया। एएसआई के पूर्व क्षेत्रीय निदेशन धर्मवीर शर्मा ने दावा किया है कि कुतुब मीनार नहीं बल्कि एक सन टावर (वेधशाला टावर) है। इसका निर्माण कुतुब अल-दीन ऐबक द्वारा नहीं बल्कि 5वीं शताब्दी में राजा विक्रमादित्य द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बारे में मेरे पास काफी सबूत हैं, और एएसआई की तरफ से मैंने कई बार कुतुब मीनार का सर्वे किया है। कुतुब मीनार की मीनार में 25 इंच का झुकाव है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसे सूर्य का निरीक्षण करने के लिए बनाया गया था। 21 मई को संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने तीन इतिहासकारों, चार एएसआई अधिकारियों और शोधकर्ताओं के साथ साइट का दौरा किया। एएसआई के अधिकारियों ने सचिव को बताया कि कुतुब मीनार परिसर में 1991 के बाद से खुदाई का काम नहीं हुआ है। इससे पहले, विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रवक्ता विनोद बंसल ने दावा किया था कि कुतुब मीनार वास्तव में %विष्णु स्तम्भ% था और संरचना का निर्माण 27 हिंदू-जैन मंदिरों को ध्वस्त करने के बाद प्राप्त सामग्री से किया गया था। बीते दिनों हिंदू संगठनों ने कुतुबमीनार का नाम बदलकर विष्णु स्तंभ करने की मांग को लेकर कुतुबमीनार के ठीक सामने प्रदर्शन किया।

## प्रियंका गांधी बोली- आशा बहनों का डब्ल्यूएचओ द्वारा सम्मान पूरे देश के लिए गौरव का विषय



**नई दिल्ली।** कांग्रेसनेत्री और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) को सम्मान दिए जाने को पूरे देश के लिए गौरव का विषय बताते हुए कहा है कि यूपीए सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आशा बहनों की नियुक्तियां की थीं। प्रियंका गांधी ने सोमवार को ट्वीट कर कहा, डब्ल्यूएचओ द्वारा हमारी आशा बहनों को मिला सम्मान पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यूपीए सरकार ने गांव-खेड़ों के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए आशा बहनों की नियुक्तियां की थीं। कोरोना के समय आशा बहनों ने अभूतपूर्व ढंग से, खुद की फिक्र किए बिना इस काम को किया। डब्ल्यूएचओ ने रविवार को भारत की 10 लाख महिला आशा कार्यकताओं को देश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने और कोरोना महामारी पर लगाम लगाने के अथक प्रयासों के लिए आशा बहनों को सम्मानित किया। ये आशा कार्यकर्ता ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की प्रथम इकाई हैं। इनमें से अधिकतर ने भारत में महामारी के चरम दौर में घर-घर जा कर कोरोना पीड़ितों का पता लगाया और उनकी इलाज में मदद की। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डा। ट्रेडोस अधनोम गेब्रेयेसिस ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान, क्षेत्रीय स्वास्थ्य मुद्दों के लिए प्रतिबद्धता और शानदार नेतृत्व करने के लिए रविवार को छह पुरस्कारों की घोषणा की। डा. ट्रेडोस ने ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्डस के लिए पुरस्कार विजेताओं का फैसला किया। आशा कार्यकताओं के सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि आशा का अर्थ होप है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### श्रीलंकाई बल्लेबाज कुशल को फील्डिंग के दौरान उठा सीने में दर्द

**ढ़ाका।** श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मीरपुर में जारी दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ही श्रीलंकाई बल्लेबाज कुशल मेंडिस को मैदान में फील्डिंग के दौरान दर्द उठने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेंडिस ने लंच से कुछ देर पहले ही सीने में दर्द की शिकायत की थी। इस कारण वह 23वें ओवर में मैदान पर ही लेट गए। मेडिकल टीम ने तत्काल मैदान में पहुंचकर उनकी जांच की और उन्हें मैदान से बाजर ले जाया गया। इस दौरान भी मैंडिस दर्द से परेशान होकर अपना सीना पकड़े दिखे। बीसीबी के डॉक्टर मंजूर हुसैन चौधरी ने कहा कि मेंडिस को बेहतर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौधरी के अनुसार मेंडिस को मैच से पहले डिहाइड्रेशन हुआ था। इस कारण भी उनके सीने में दर्द हुआ होगा। इसके अलावा अन्य कारण भी हो सकते हैं। अभी यह नहीं पता चल पाया है कि उन्हें कितने दिन अस्पताल में रहना पड़ेगा और वो मीरपुर टेस्ट में आगे खेल पाएंगे या नहीं।

### मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को हराकर छठी बार ईपीएल खिताब जीता

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को 3-2 से हराकर 11 सत्र में छठी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग ईपीएल फुटबॉल खिताब जीता है। खिताबी दौड़ में मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को एक अंक से पीछे छोड़ा। लीवरपूल ने एक अन्य मुकाबले में वोल्वरहैम्पटन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर से मुकाबले में एस्टन विला ने मैटी कैश (37वें मिनट) और फिलिप कोटिन्हो (69वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बना ली थी पर इसके बाद मैनचेस्टर ने शानदार वापसी करते हुए 5 मिनट के अंदर ही तीन गोल दागकर जीत दर्ज कर ली। मैनचेस्टर की ओर से इकाय गुनडोगन ने 76वें और 81वें मिनट में दो जबकि रोड्री ने 78वें मिनट में एक गोल किया। वहीं लीवरपूल ने पर पेड्रो नेटो के तीसरे मिनट में दागे गोल से पिछड़ने के बाद सादियो माने 24वें मिनट, मोहम्मद सालाह 84वें मिनट और एंड्रयू रॉबर्टसन 89वें मिनट के गोल की बदौलत वोल्वरहैम्पटन पर जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 38 मैच में 93 अंक के साथ खिताब जीतने में सफल रही। वहीं लीवरपूल इतने ही मैच में 92 अंक के साथ उप विजेता रही।

### हर्षल को एलिमिनेटर मुकाबले के लिए फिट होने की उम्मीदें

**मुम्बई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीम किस्मत के बल पर प्लेऑफ में तो पहुंच गयी है पर यहां उसकी राह आसान नहीं है। आरसीबी को अब बुधवार को एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स से खेलना है पर इस मैच से ठीक पहले उसके मुख्य स्पिनर हर्षल पटेल के खेलने पर संशय बना हुआ है। हर्षल गुजरात टाइटंस के खिलाफ अंतिम लीग मुकाबले में चोटिल हो गये थे। इस चोट के कारण ही उन्हें मैच के बीच में ही मैदान से बाहर जाना पड़ा था। वहीं हर्षल को उम्मीद है कि वह मैच तक ठीक हो जाएंगे। इस गेंदबाज ने कहा,मैंने जब फील्डिंग के दौरान एक्स्ट्रा कवर पर गेंद को पकडा था तो मेरे दाएं हाथ में चोट लग गई थी। उसी कारण मुझे टांके लगे थे, तब बताया गया था कि यह तीन से चार दिन में ठीक हो जाएंगे। इस कारण मैं प्लेऑफ तक पूरी तरह फिट हो जाऊंगा। हर्षल इस सत्र में वो आरसीबी के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। हर्षल ने 18 जबकि वानिंदू हसरंगा ने 24 विकेट लिए हैं।



बार्सिलोना में मर्सिडीज के चालक जार्ज रसल स्पेनिश फार्मुला वन में भाग लेते हुए।

# आईपीएल के पहले क्वालिफायर में आज आमने-सामने होंगी गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स

**कोलकाता।** गुजरात टाइटंस की टीम आईपीएल के 15 वें सत्र के पहले क्वालिफायर को मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगी। दोनो ही टीम इस मैच में जीत के साथ ही खिताबी मुकाबले में जगह बनाने उतरेंगी। कप्तान हार्दिक पंड्या की गुजरात ने अब तक 14 लीग मुकाबले में से 10 जीतने के साथ ही 20 अंक हासिल किये हैं और वह अंक तालिका मे शीर्ष पर है जबकि संजू सैमसन की कप्तानी में उतर रही राजस्थान ने भी 9 मुकाबले जीते हैं और उसके 18 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। इस प्रकार देखा जाये तो दोनो ही टीमें जीत की प्रबल दावेदार हैं। गुजरात ने लीग स्तर पर एक मैच में राजस्थान को हराया था ,ऐसे में उसे मनोवेज्ञानिक बढ़त मिली हुई है।





गुजरात की बल्लेबाजी पंड्या , डेविड मिलर , शुभमन गिल और राहुल तेवतिया जैसे बल्लेबाजों पर आधारित है। हार्दिक और शुभमन दोनों ने अब तक इस सत्र में 400 से अधिक रन बनाए हैं। शुभमन अंतिम 2 मैच में रन नहीं बना पाये हैं , ऐसे में उनका लक्ष्य इस मैच में लंबी पारी खेलना रहेगा। इसके अलावा मिलर ने भी 54 की औसत से 381 रन बनाये हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने 9 मैच में 3 अर्धशतक लगाये हैं। वहीं निचले क्रम पर राहुल तेवतिया और राशिद खान किसी भी गेंदबाज के खिलाफ रन बनाने में माहिर हैं। तेवतिया और राशिद के स्ट्राइक रेट 148 हैं जिससे यह बेहतर फिनिशर के तौर पर उभरे हैं। राशिद ने बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी नाम के अनुरुप प्रदर्शन करते हुए टीम की ओर से अब तक सबसे ज्यादा 18 विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 7 से भी कम है। गेंदबाजी की बात करें तो टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, लॉकी फर्ग्युसन और यश दयाल हैं। शमी नई गेंद से विरोध बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सफल रहे हैं। जरुरत पड़ने पर कप्तान पंड्या भी गेंदबाजी कर सकते हैं। अब देखना है कि राजस्थान के बल्लेबाज इनका कैसे सामना करते हैं। वहीं दूसरी ओर राजस्थान की बल्लेबाजी और गेंदबाजी भी अच्छी है। टीम की सबसे ज्यादा उम्मीदें इस सत्र मे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले जोस बटलर पर टिकी रहेंगी। बटलर ने अब तक 3 शतक और 3 अर्धशतक के साथ ही 629 रन बनाये हैं पर वह अंतिम 3 मैच में अधिक रन नहीं बना पाये हैं।

# एशिया कप हॉकी में भारत-पाक हुआ मुकाबला



**जकार्ता।** भारतीय हॉकी टीम सोमवार को यहां एशिया कप अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। भारतीय टीम यहां अपना खिताब बरकरार रखने अनुभवी बीरेंद्र लाकड़ा की कप्तानी में उतरेगी। वहीं दूसरी ओर पाक टीम इस मैच में कुछ नये खिलाड़ियों को भी उतार रही है। भारतीय टीम को इस मुकाबले से 'बेंच स्ट्रेंथ' को आजमाने का अवसर मिलेगा क्योंकि उसे आने वाले समय में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स और अगले साल एफआईएच वर्ल्ड कप में भाग लेना है।

वहीं पाक टीम इस टूर्नामेंट के जरिये भुवनेश्वर में होने वाले 2023 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने को प्रयास करेगी। गौरतलब है कि एशिया कप से शीर्ष-3 टीमें जनवरी में होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए सीधे ही क्वालिफाई कर लेंगी। भारत और पाक दोनों ही टीमों ने तीन-तीन बार एशिया कप जीता है। भारत ने पिछला सत्र 2017 में जीता था और ढाका में हुए फाइनल में उसने मलेशिया को हराया था। भारत की 20 सदस्यीय टीम के कोच सरदार सिंह हैं।

भारतीय टीम में 10 ऐसे खिलाड़ी हैं, जो सीनियर भारतीय टीम में पदार्पण कर रहे हैं। इसमें यशदीप सिवाच, अभिषेक लाकड़ा, मंजीत, विष्णुकांत सिंह और उत्तम सिंह शामिल हैं। ये सभी जूनियर विश्व कप में शामिल थे। नये खिलाड़ियों मरीस्वारेन साकतिवेल, शेशे गौड़ा बीएम, पवन राजभार, अभरण सुदेव और एस कार्ति को भी पहली बार शामिल किया गया है। नए खिलाड़ियों के लिए यह अपने को साबित करने और आने वाले समय में टीम में जगह बनाने का यह अच्छा अवसर है।

### कोच को छेत्री के एशियाई कप क्वालीफायर में खेलने की उम्मीदें

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा है कि कप्तान सुनील छेत्री अगले महीने होने वाले एशियाई कप क्वालीफायर के लिए पूरी तरह फिट हो जाएंगे। साथ ही कहा कि भारतीय टीम क्वालीफायर जीतकर अगले साल चीन में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह पक्की करेगी। छेत्री इस क्वालीफायर मुकाबले में उतरने के साथ ही छह महीने बाद टीम में वापसी करेंगे। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर में सैफ चैम्पियनशिप फाइनल में नेपाल के खिलाफ खेला था उस मैच में भारतीय टीम ने 3-0 से जीत हासिल की थी। स्टिमक ने कहा कि छेत्री पूरी तरह से फिट हैं और टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा , 'हमने उसे बहरीन और बेलारूस के खिलाफ मैचों में इसलिए नहीं उतारा क्योंकि उसे फिटनेस हासिल करने के लिए समय चाहिए था। यह ब्रेक उसके लिये अच्छा रहा और अब वह पूरी तरह से फिट है।' इससे पहले छेत्री फिटनेस कारणों से ही मार्च में बेलारूस और बहरीन के खिलाफ मुकाबले में नहीं उतरे थे।

# भारतीय टीम की कप्तानी मिलना सम्मान की बात : राहुल





**मुम्बई।** बल्लेबाज लोकेश राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाये से उत्साहित हैं। राहुल ने कहा कि अपने देश का नेतृत्व करना हमेशा ही एक विशेषाधिकार और सम्मान की बात होती है। एक बार फिर यह अवसर पाकर खुश हूं मैं इसी अवसर का इंतजार कर रहा था हालांकि अभी मेरा ध्यान आईपीएल को लेकर अपनी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स पर है। हमें नॉकआउट मैच खेलने हैं और मेरा लक्ष्य जीत हासिल कर आईपीएल ट्राफी उठाना है। साथ ही कहा कि मैं इस आईपीएल ट्रॉफी को जीतना चाहता हूं और फिर अपने को कुछ दिन का ब्रेक देना चाहता हूं जिससे तरोताजा होकर भारतीय टीम के बारे में सोचना शुरु किया जाये।

राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम आईपीएल 2022 लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही है। उसे बुधवार को ईडन गार्डन में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) से एलिमिनेटर मुकाबला खेलना है। राहुल की कप्तानी में भारतीय टीम 9 जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज में उतरेगी। वहीं इस घरेलू सीरीज में ऋषभ पंत टीम के उपकप्तान होंगे। इस टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को भी जगह मिली है। इसके अलावा आईपीएल में शानदार प्रदर्शन कर ध्यान खींचने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और सबसे तेज गेंदबाज करने वाले उमरान मलिक को भी पहली बार शामिल किया गया है।

## व्यापार न्यूज

### सियाम ने की सीएनजी कीमतों में कटौती व कच्चे माल पर आयात शुल्क घटाने की मांग

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनियों के संगठन सियाम ने सीएनजी की कीमतों में कटौती करने और इस्पात एवं प्लास्टिक उत्पादों के कुछ कच्चे माल पर आयात शुल्क घटाने का सरकार से अनुरोध किया है। सियाम ने रविवार को ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को टैग करते हुए कहा कि वाहन उद्योग पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने के फैसले का स्वागत करता है। सियाम ने कहा कि इस फैसले से मुद्रास्फीति पैदा करने वाले दबावों में नरमी आएगी और आम आदमी को राहत मिलेगी। सियाम ने इसके साथ ही सरकार से सीएनजी की कीमतों में भी कटौती करने का अनुरोध करते हुए कहा कि सीएनजी के दाम कम होने से आम आदमी को राहत मिलेगी और सार्वजनिक परिवहन भी अधिक स्वच्छ ऊर्जा के साथ संभव हो पाएगा। संगठन ने सरकार से इस्पात एवं प्लास्टिक उत्पादों के कुछ कच्चे माल पर आयात शुल्क कम करने का भी अनुरोध किया। उसने कहा कि इससे घरेलू बाजार में इस्पात की कीमतों में नरमी लाने में मदद मिलेगी।

### मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में प्रे?स्टिज ग्रुप की 7,500 करोड़ निवेश की योजना

**मुंबई।** मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश करने के ?लिए प्रेस्टीज समूह ने अगले चार-पांच वर्षों में 7,500 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बनाई है। प्रेस्टीज ग्रुप के एक अ?धिकारी ने कहा कि दक्षिण भारतीय बाजार में करीब 250 परियोजनाओं को पूरा कर चुका उनका समूह मुंबई में आवासीय एवं वाणिज्यिक दोनों तरह की परियोजनाएं का विकास करने की रणनीति पर चलेगा। उन्होंने कहा कि समूह की मुंबई के अलग-अलग इलाकों में स्थित छह परियोजनाओं के तहत 1.6 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र के विकास का इरादा है। उन्होंने कहा कि कंपनी मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में रुढ़िवादी तरीके से ही आगे बढ़ेगी और किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाएगी। उन्होंने बताया कि बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के अलावा महालक्ष्मी में वाणिज्यिक परियोजना का विकास किया जाएगा जबकि मुलुंड में 60 लाख वर्ग फुट क्षेत्र की एकीकृत परियोजना का विकास किया जाएगा। इनमें से कुछ परियोजनाएं पहले किसी कारण से अटक गई थीं लेकिन अब उन्हें पूरा किया जा रहा है। इसके अलावा कुछ परियोजनाएं दिवाला प्रक्रिया के तहत अधिग्रहीत की गई हैं। बताया जा रहा है ?कि विभिन्न परियोजनाओं के तहत कम-से-कम 7,500 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे। इसमें से 4,500 करोड़ रुपए जमीन खरीदने और अटकी परियोजनाओं को लेने पर निवेश किए जा चुके हैं। परियोजनाओं के लिए बाकी संसाधनों का इंतजाम अंदरुनी स्रोतों के अलावा बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेकर किया जाएगा।

### मासिक कर भुगतान फॉर्म में संशोधन कर सकती है जीएसटी परिषद

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की अगले महीने होने वाली वाली बैठक में संक्षिप्त रिटर्न और मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में संशोधन पर विचार किया जा सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) के दावों पर रोक और सही मामलों के तेजी से निपटान के लिए जीएसटीआर-3बी फॉर्म में बदलाव पर विचार किया जा रहा है। संशोधित फॉर्म करदाता को सकल इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी), किसी विशेष महीने में दावा की गई राशि और करदाता के बही-खाते में शेष बची राशि के संबंध में स्पष्टता प्रदान करेगा। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) मामलों पर निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय जीएसटी परिषद की बैठक अगले महीने होने की संभावना है। एक अधिकारी ने कहा ?कि संशोधित फॉर्म फर्जी आईटीसी दावों पर अंकुश लगाने और ईमानदार करदाता को तेजी से आईटीसी का लाभ उठाने में मददगार साबित होगा। जीएसटी परिषद की विधि समिति जीएसटीआर-3बी को सुव्यवस्थित करने पर विचार कर रही है ताकि आईटीसी के खुलासे पर और स्पष्टता आए। जीएसटीआर-3बी फॉर्म में संशोधन के मुद्दे को परिषद की अगली बैठक में रखे जाने की उम्मीद है।

# स्टील पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाने से स्टील कंपनियों के शेयर गिरे, टाटा स्टील में 14 गिरावट

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में सोमवार को तेजी के बीच स्टील कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सरकार ने स्टील पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाने का फैसला किया है। अभी तक भारतीय स्टील के निर्यात पर जीरो ड्यूटी लगती थी। इस पर सरकार ने 15 फीसदी की एक्सपोर्ट ड्यूटी लगा दी है। सरकार के इस कदम से भारतीय स्टील के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार में 15 फीसदी बढ़ जाएंगे। इससे स्टील कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई। टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाटा स्टील के शेयरों में 14 फीसदी तक गिरावट आई। शुरुआती कारोबार में कंपनी का शेयर 14 फीसदी गिरावट के साथ 1007.30 पर आ गया। दोपहर बाद दो बजे टाटा स्टील का शेयर बीएसई पर 12.31 फीसदी गिरावट के साथ 1026.20 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। जिंदल स्टील एंड पावर का शेयर भी 13 फीसदी से अधिक गिरावट के साथ 478.90 रुपए पर आ गया। सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी स्टील कंपनी सेल का शेयर भी 13 फीसदी गिर गया जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयरों में 11 फीसदी गिरावट आई। गोदावरी पावर एंड इस्पात (का शेयर 20 फीसदी का लोअर सर्किट छूकर 311.70 फीसदी पर आ गया।



सरकार ने स्टील बनाने में काम आने वाले लौह अयस्क और पेलेट्स जैसे कच्चे माल पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाने की घोषणा की। सभी तरह के लौह अयस्क पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 30 फीसदी से बढ़कर 50 फीसदी कर दी गई है। इसी तरह हॉट-रोल्ड और कोल्ड-रोल्ड स्टील प्रॉडक्ट्स पर एक्सपोर्ट ड्यूटी 15 फीसदी कर दी गई है जबकि पहले इस पर कोई ड्यूटी नहीं थी। दूसरी ओर सरकार ने पीएसआई, मेट कोल और कोकिंग कोल जैसे कच्चे माल पर आयात शुल्क में कटौती की है। रिलायंस सिक्योरिटीज के एनालिस्ट कुणाल मोतीशा ने कहा कि स्टील पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगने से घरेलू बाजार में

# 4जी ग्राहकों के लिए जियो का धमाका ऑफर, जियोफोन नेक्स्ट पर 2000 रुपए का डिस्काउंट

**नई दिल्ली।** अगर आपके घर पर कोई भी पुराना 4जी फोन रखा है तो आप आसानी से जियोफोन नेक्स्ट पर 2000 रुपए का डिस्काउंट पा सकते हैं। रिलायंस रिटेल ने लिमिटेड समय के लिए जियोफोन नेक्स्ट %एक्सचेंज टू अपग्रेड% ऑफर लॉन्च किया है। जियोफोन नेक्स्ट की कीमत 6499 रुपए है जोकि डिस्काउंट के बाद 4499 रुपए हो जाएगी। रिलायंस जियो और गूगल ने साथ में रिसर्च कर किफायती स्मार्टफोन जियोफोन नेक्स्ट बनाया है। ऑफर के तहत किसी भी कंपनी का 4जी फीचर फोन या स्मार्टफोन दिया जा सकता है। ग्राहक पुराना 'जियोफोन' भी देकर भी 2000 रुपए का डिस्काउंट पा सकते हैं। मतलब अगर आपके पास कोई पुराना 4जी फीचर फोन है तो भी आप इस ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। डिस्काउंट का फायदा उठाने के लिए आपको अपने नजदीक के जियोमार्ट और रिलायंस डिजिटल स्टोर्स पर जाकर 4जी फोन देना है। इसके बाद आपको 6599 रुपए का जियोफोन नेक्स्ट सिर्फ 4499 रुपए में उपलब्ध हो जाएगा।

जियोफोन नेक्स्ट की लॉन्चिंग के समय रिलायंस इंडस्ट्रीज के सीएमडी मुकेश अंबानी ने कहा था कि %वो भारतीय जो अंग्रेजी या अपनी में सामग्री को पढ़ने में सक्षम नहीं है, वे इस स्मार्ट डिवाइस पर अपनी भाषा में इसका अनुवाद और यहां तक कि पढ़ भी सकते हैं। मुझे ये कहते हुए गर्व हो रहा है कि इंडिया और भारत के बीच की खाई को पाट रहे हैं, क्योंकि भारत करेगा डिजिटल प्रगति-प्रगति ओएस के साथ। इस स्मार्टफोन में कई बेहतरीन फीचर्स हैं। इसके कैमरा में ही ट्रांसलेशन फीचर है। ट्रांसलेशन फीचर के जरिए किसी भी भाषा के टेक्स्ट का फोटो खींचकर उसका ट्रांसलेशन अपनी भाषा में कर सकते है।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद



**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार ने शुरुआत बढ़त खो दी। धातु कंपनियों के शेयरों में हुई बिकवाली से भी बाजार में यह गिरावट आई है। लौह अयस्क और कुछ इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क लगने के कारण ये बिकवाली हुई। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 37.78 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 54,288.61 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 51.45 अंक करीब 0.32 फीसदी नीचे आकर 16,214.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील के शेयरों में सबसे ज्यादा 12.53 फीसदी की गिरावट रही। इसके साथ ही अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, पावर ग्रिड, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे आये हैं। वहीं, दूसरी तरफ एमएंडएम, मारुति, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये हैं। इससे पहले शुक्रवार को बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की ऊपर आया है जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नीचे आया है। वहीं यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में लाभ

# सोने और चांदी की कीमत में शानदार तेजी

**नई दिल्ली।** सोने के निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। हफ्ते के पहले दिन सोने और चांदी की कीमत में शानदार तेजी आई है। एमसीएक्स पर जून डिलिवरी वाला सोना सोमवार को 68 रुपये तेजी के साथ खुला और दिन चढ़ने के साथ इसमें तेजी आई। दोपहर बाद पौने तीन बजे यह 260 रुपये की तेजी के साथ 51089.00 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा था। यह इसका एक हफ्ते का उच्चतम स्तर है। पिछले सत्र में यह 50829,00 रुपये के भाव पर बंद हुआ था और आज 50897.00 रुपये पर खुला। सुबह के सत्र में इसने 50897.00 का न्यूनतम और 51124.00 रुपये का उच्चतम स्तर छुआ। चांदी भी 753 रुपये की तेजी के साथ 62160.00 रुपये प्रति किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी।

जानकारों का कहना है कि सोने का रेट 50 से 52 हजार रुपये के बीच हो, तब जूलरी खरीद लेनी चाहिए। अब इंतजार करना ठीक नहीं होगा। आने वाले दिनों में बाजार में जूलरी की कमी भी महसूस हो सकती है। बहुत से सुनारों ने सोने का भाव ऊंचा होने की वजह से स्टॉक भी रोक रखा था। गोल्ड का रेट 50 हजार रुपये के आसपास रहेगा, तब सभी अपने स्टॉक को भरने वाले हैं, रेट घटेगा, तब माल बिकेगा। इससे जूलरी लाइन में बूम आएगा। जिनके घरों में शादी-ब्याह हुए, उन्होंने सोने-चांदी के आभूषण खरीदे। अब उन लोगों को भी खरीदारी कर लेनी चाहिए, जिनके यहां अगले 3-4 महीनों में कार्यक्रम होने हैं। ब्याज दर बढ़ने से सोना टूटा है। पिछले कारोबारी हफ्ते में सोने के भाव में 1000 रुपये प्रति 10 ग्राम से ज्यादा और चांदी में 2000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है। हाल में फेडरेल रिजर्व, बैंक ऑफ इंग्लैंड और आरबीआई की ओर से ब्याज दर में इजाफा किया गया। यह ग्राहकों के लिए स्वर्णिम अवसर है। अब सोने का भाव नीचे आया है, तब लोग खरीदारी के साथ इन्वेस्टमेंट भी कर रहे हैं। शादी-ब्याह के लिए शॉपिंग जारी है। हर कोई लाभ लेना चाहता है।



आने वाले दिनों में सोने के भाव में थोड़ी गिरावट आ सकती है। उम्मीद है कि 48 से 50 हजार रुपये तौला भी सोना पहुंच जाए। अब जूलर्स भी दीपावली की खरीदारी शुरू करे। दुकानदार सैंपलिंग करने वाले हैं। कंपनियों के ऑर्डर उठाएंगे, जिसे दीपावली तक डिलीवर करना होगा। अब कोरोना संक्रमण कमजोर हो गया है। मार्केट में कोरोना का भय भी नहीं है। शादी-ब्याह में पूरी भीड़ जुट रही है। गिफ्ट देने का चलन लौटा है। सोने-चांदी के गिफ्ट आइटम्स की सेल बढ़ी है। फंक्शन में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ी है। लोग भी कार्यक्रमों में नई जूलरी पहनकर जाना पसंद कर रहे हैं। इससे जूलर्स का बिजनेस उठा है।

# धनश्री वर्मा का नया सॉन्ग ओये होये होये हुआ रिलीज



आज के वक्त में इंटरनेट पर काफी ज्यादा चर्चा सामना आ रही है। वही यूट्यूब पर कई जबरदस्त सॉन्ग को रिलीज किया जाता रहा है। पिछले कुछ वक्त से कई सिंगर अपने गानों को इंटरनेट पर रिलीज करते है। इसी बिच पंजाब इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर और एक्टर जस्सी गिल का नया गाना आज इंटरनेट पर रिलीज कर दिया गया है वही रिलीज के साथ ही ये काफी जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है। टी सीरीज के बैनर के तले बने इस गाने को दर्शको ने काफी प्यार दिया है। इस गाने का नाम ओये होये होये है। इस गाने को जस्सी गिल और सिमर कौर ने इस गाने को अपनी आवाज़ दी है। इस गाने को अवव्य सरा ने म्यूजिक दिया है। वही इस गाने में जस्सी गिल और धनश्री वर्मा डांस करती हुई नज़र आ रही है। वही इस गाने का निर्देशन अरविबडेर खैरा ने लिया है। वही इस गाने को दर्शको का काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक इस गाने पर 10 लाख से ज्यादा व्यूज आ चुके है। वही 70 हजार से ज्यादा लोगो ने इस गाने को लाइक किया है। वही एक बार फिर धनश्री का ध्यान सभी को काफी पसंद आ रहा है। धनश्री को एक बार फिर लोगो का प्यार मिलता हुआ नज़र आ रहा है। सोशल मीडिया पर ये गाना काफी चर्चा में है। अब देखना होगा की आने वाले कुछ दिनों पर इस गाने को दर्शको का कैसा रिस्पॉन्स मिलता है। इस तरह के गाने को शार्ट वीडियो प्लेटफार्म पर काफी ज्यादा पसंद किया जाता रहा है।

## अजय देवगन का नया अवतार देख उड़ सभी के होश

ओटीटी के गलियारों में कई फिल्मो और वेब सीरीज को लेकर काफी चर्चा समाने आ रही है। ओटीटी को लेकर हर दिन बड़े अपडेट सामने आते ही रहते है। ये कहना गलत नहीं होगा की आज के वक्त में ओटीटी एक बहुत ही चर्चित माध्यम बन गया है। वही ओटीटी पर कई बड़े बॉलीवुड स्टार भी नज़र आ चुके है और ये लिस्ट बढ़ती ही जा रही है। इसी बिच बॉलीवुड के दमदार कलाकरो में से एक अजय देवगन भी ओटीटी के गलियारों में कदम रखते हुए नज़र आने वाले है। हाल ही में अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो को शेयर किया है। जिसमे वह बोलते नज़र आ रहे है ङ्क 'कितनी बार कहा है आपको मेरा नाम अजय नहीं सुदर्शन है सुदर्शन।' अजय का ये वीडियो चर्चा में आ गया है। वही इस वीडियो को शेयर करते हुई उन्होंने कैप्शन में लिखा -'दुआ में याद रखना , नाम है सुदर्शन' इस वीडियो के सामने आने के बाद से कई बाते शुरू हो गयी है। वही इस वीडियो को अजय के नए वेब प्रोजेक्ट का टीजर मन  जा रहा है। वही इस वीडियो पर दर्शकों के काफी जबरदस्त कमेंट आ रहे है। वही इस वीडियो में अजय ने डिज्नी + हॉटस्टार को टैग किया है। वही बताया जा रहा है अजय के साथ साथ इस प्रोजेक्ट में तमन्ना भाटिया भी नज़र आ सकती है। अब देखना होगा इस नए प्रोजेक्ट में क्या कुछ देखने को मिलता है। आपको अजय का ये नया वीडियो कैसा लगा निचे कमेंट कर के जरूर बताए।



## आरएसवीपी ने ए थर्सडे से स्कूल शिक्षक की भूमिका में यामी का पहला लुक किया रिलीज!

रॉनी स्क्रूवाला की आरएसवीपी ने ब्लू मंकी फिल्म्स के साथ अपनी आगामी डायरेक्ट-टू-डिजिटल थ्रिलर ए थर्सडे से आखिरकार यामी गौतम का बहुप्रतीक्षित लुक रिलीज कर दिया है जिसमें वह एक शिक्षक की भूमिका निभा रही हैं। बेहजाद खंबाटा द्वारा निर्देशित और लिखित, यह फिल्म गुरुवार को होने वाली अकल्पनीय घटनाओं पर आधारित है। प्रतिभाशाली अभिनेत्री फिल्म में नैना जायसवाल नामक एक सिंपल स्कूल शिक्षक की भूमिका निभा रही हैं। उनका लुक बहुत सिंपल रखा गया है, जिसने उनके किरदार के प्रति अधिक जिज्ञासु कर दिया है। फिल्म एक बुद्धिमान प्ले स्कूल शिक्षक की कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो 16 बच्चों को बंधक बना लेती है। ए थर्सडे के निमार्ता, रोनी स्क्रूवाला आरएसवीपी के तहत ए थर्सडे का निर्माण करेंगे क्योंकि वह हमेशा नई स्क्रिप्ट और प्रतिभाओं की तलाश में रहते हैं।

# सारा अली खान के भाई इब्राहिम को लॉन्च करने जा रहे हैं करण जौहर?

सैफ अली खान और अमृता सिंह के बेटे इब्राहिम अली खान की बॉलीवुड में एंट्री के पहले से ही बड़ी फैन फॉलोइंग है. इब्राहिम की एक झलक लिए अभी से फैंस दीवाने रहते हैं. इब्राहिम एक्ट्रेस सारा अली खान के छोटे भाई हैं, ऐसे में सारा भी अक्सर अपने भाई इब्राहिम के साथ की तस्वीरें और वीडियो साझा करती रहती हैं और वे कुछ ही समय में बिल्कुल वायरल हो जाते हैं. इसी बीच इब्राहिम को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है. कहने की जरूरत नहीं है कि इब्राहिम अली खान की बड़ी लोकप्रियता है. स्टारकिड के बॉलीवुड में कदम रखने का उनके चाहने वाले इंतजार कर रहे हैं. ऐसे में हाल ही में इब्राहिम ने सिनेमा में कदम रखने की एक खास बात सामने आई है. हाल ही में इब्राहिम को करण जौहर के पुराने धर्म प्रोडक्शन कार्यालय के बाहर देखा गया था. स्टार किड ने कैजुअल आउटफिट हुआ था और शॉर्ट्स के साथ लंबी-लंबी ग्रे टी शर्ट में पहनी थी.इतना ही नहीं कहा जा रहा है कि उनके पास एक बैकपैक था, और प्रशंसकों ने सोचा कि क्या इब्राहिम को करण जौहर द्वारा जल्द लॉन्च किया जाएगा? इस बात पर फैंस कयास लगा रहे हैं कि क्या सारा के भाई को लॉन्च करने की जिम्मेदारी करण ने ले ली है.इस पर मुहर नहीं लग पाई है कि इब्राहिम करण के ऑफिस किसी और काम से पहुंचे थे या फिर वह जल्द करण से साथ काम करने वाले हैं. करण इससे पहले भी कई स्टारकिड्स को लॉन्च कर चुके हैं और हाल ही में संजय कपूर की बेटी शनाया को लॉन्च करने का ऐलान किया है. सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद करण जौहर पर नेपोटिज्म को लेकर कई आरोप लगे थे, जिसके बाद एक्टर ने सोशल मीडिया से खुद को काफी दूर कर लिया था. इसके बाद कुछ दिनों पहले ही एक्टर ने कुछ नए चेहरों को लॉन्च करने का ऐलान किया था. लेकिन शनाया के लॉन्च की बात से वह फिर से विवादों में घिरते दिखे. बात शनाया की करें तो जब से होने वाली एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया एकाउंट पब्लिक किया है, तब से वो किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं. शनाया की डेब्यू से पहले की चाहने वालों की लिस्ट बहुत लंबी है।





## जनता को राहत

महंगाई से जूझ रही जनता को राहत पहुंचाने केंद्र सरकार ने बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम कर दिया है। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए घटा दिया गया है। इस कटौती के बाद आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली समेत देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम कम हो गए हैं। पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर एक्साइज ड्यूटी घटने के बाद अब पेट्रोल पर 19.90 और डीजल पर 15.80 रुपए एक्साइज ड्यूटी चार्ज लगेगा। इससे पहले सरकार पेट्रोल पर 27.90 और डीजल पर 21.80 रुपए एक्साइज ड्यूटी के रूप में वसूल रही थी। केंद्र सरकार का यह फैसला ऐसे समय आया है जब जनता की कमाई महंगाई की भेंट चढ़ती जा रही थी। जनता को महंगाई से निताज दिलाने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों से वैट कम करने का आग्रह किया था, मगर एक भी राज्य ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। लिहाजा महंगाई का ग्राफ बढ़ता जा रहा था। ऐसे में केंद्र सरकार ने पहल करते हुए पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने का फैसला किया। हालांकि, केंद्र के ऐलान के ठीक बाद केरल ने और उसके बाद राजस्थान सरकार ने वैट कम करके अपने राज्य के लोगों को राहत दी। अब भी कई राज्यों ने केंद्र की तर्ज पर वैट कम करने का फैसला नहीं किया है। लेकिन माना जा रहा है कि उन पर अब वैट कम करने का दबाव है और जल्द ही इस दिशा में फैसला होगा। पेट्रोल और डीजल के दाम 110 रुपए से अधिक हो चुके थे। उधर डीजल के दाम बढने़ से मालभाड़ा भी बढने़ लगा था। इसका असर अनाज और सब्जियों पर दिख रहा था। कहा जा रहा था कि डीजल का रेट कम होने से माल भाड़ा कम होगा और इससे रोजमर्रा की चीजों की कीमतों पर ब्रेक लगेगा। अब ऐसा होने की उम्मीद प्रबल हो गई है। हालांकि, महंगाई से सिर्फ भारत नहीं, पूरी दुनिया जूझ रही है। निश्चित रूप से इसकी एक वजह ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल का महंगा होना है। मार्च में 30 फीसदी की रिकॉर्ड तेजी के बाद दाम घटकर 100 डॉलर प्रति बैरल से कुछ ऊपर स्थिर हुए हैं, लेकिन युद्ध लंबा खिंचने की आशंका को देखते हुए अरब देश एक बार फिर दाम बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। बता दें कि अब तक जिस भाव पर हम पेट्रोल और डीजल की खरीद करते रहे हैं, उनमें से टैक्स 46 फीसदी होता है। केंद्र सरकार पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी लगाती है तो राज्य सरकारें इसपर वैट और सेस यानी अतिरिक्त टैक्स लगाते हैं। यही वजह है कि देश अलग-अलग हिस्सों में पेट्रोल और डीजल के दामों में काफी अंतर होता है। आखिरी बार एक्साइज ड्यूटी में कटौती का फैसला तब किया गया था जब उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नजदीक थे। चुनाव परिणाम आते ही पेट्रोल-डीजल से लेकर एलपीजी तक की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला था। कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दल भी भाजपा पर यही आरोप लगाते हैं कि मोदी सरकार चुनाव को देखकर फैसले लेती है। ऐसे में सवाल उठता है कि गुजरात और हिमाचल के विधानसभा चुनाव इस साल के अंत में होने को हैं तो आखिर क्या वजह है कि केंद्र सरकार को यह फैसला रुस और यूक्रेन युद्ध की वजह से वैश्विक अस्थिरता के बीच लेना पड़ा? अप्रैल के थोक महंगाई दर के आंकड़ों ने सरकार की चिंताओं को बढ़ा दिया। अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए अप्रैल में थोक महंगाई दर 15 फीसदी के पार पहुंच गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में थोक महंगाई दर 15.08 फीसदी रही। जोकि पिछले तीन दशक में सबसे अधिक है। बता दें, अप्रैल 2021 से ही थोक महंगाई दर दहाई के पार बनी हुई है।

# स्वतन्त्रता सेनानी और क्रांतिकारी भगवतीचरण वोहरा

कल्पना पांडे



भगत सिंह के महत्वपूर्ण साथी भगवतीचरण वोहरा का जन्म 4 नवंबर, 1903 को लाहौर में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। वे एक गुजराती ब्राह्मण थे। उनके पिता पंडित शिवचरण वोहरा रेलवे में एक उच्च पदस्थ अधिकारी थे। उन्हें अंग्रेजों द्वारा %रायसाहब% की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया था। चूंकि उस समय टाइपराइटर नहीं था, इसलिए भगवती चरण के दादाजी आगरा को जीवन निर्वाह के लिए लिखते (किताबत) थे। उनके पूर्वज गुजरात से आगरा और आगरा से लाहौर चले गए। उपनाम वोहरा (संस्कृत मूल- व्यूह) का अर्थ उर्दू में व्यापारी भी है। माना जाता है कि भगवतीचरण के परिवार ने अपना अंतिम नाम खो दिया था क्योंकि उन्होंने लाहौर के मुस्लिम-बहुल इलाके में ब्राह्मण के रूप में अपनी नौकरी छोड़ दी थी। भगवती चरण के दादाजी के बारे में एक मजेदार कहानी है। उस समय वह एक रुपया प्रतिदिन कमाते थे, और एक रुपया कमाने के बाद वह काम करना बंद कर दिया करते थे। डेढ़ सौ साल पहले आज की तरह असुरक्षा और लालच नहीं था। 1918 में, जब वह सिर्फ 14 साल के थे, उनके माता-पिता ने उनकी शादी 11 वर्षीय दुर्गावती देवी से कर दी, जिन्होंने 5 वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी।

विज्ञान विषयों में इंटर के बाद भगवतीचरण वोहरा असहयोग आंदोलन में कूद पड़े। इस आंदोलन में भगतसिंह, सुखदेव आदि भी थे। लेकिन चौरीचौरा हिंसा के बाद गांधीजी ने जिस एकतरफा तरीके से आंदोलन वापस ले लिया उससे युवाओं मे निराशा का माहौल फ़ेल गया। उसके बाद वोहरा ने लाहौर के नेशनल कॉलेज से बीए किया। वहां उनकी मुलाक़ात भगत सिंह और कई अन्य सहयोगियों से हुई। भगतसिंह और सुखदेव इसके मुख्य सदस्य थे जिन्होंने %देश की गुलामी और मुक्ति का सवाल' नामक एक अध्ययन समूह चलाया। नौजवान भारत सभा का गठन 1923 में भगत सिंह की पहल पर हुआ था। भगवती चरण को उस संगठन का प्रचार सचिव नियुक्त किया गया। नौजवान भारत सभा का कार्य लोगों में क्रांतिकारी विचारों का प्रसार करना था। भगवती चरण, भगत सिंह, सुखदेव, धन्वंतरी, एहसान इलाही, पिंडीदास सोढ़ी बैठक की योजना बनाने से लेकर बैठक तक ले जाने तक सभी काम करते थे। संगठन राजनीतिक व्याख्यानों के अलावा सामाजिक भोज का आयोजन करता था। इसमें सभी धर्मों और जातियों के लोगों को एक साथ बैठकर खिचड़ी जैसा सादा भोजन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। नौजवान भारत सभा ने जानबूझकर वंदे मातरम, सत-श्री अकाल, अल्लाहु अकबर के नारों के बजाय इंकलाब जिंदाबाद, जय हिंद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के व्यापक और धर्मनिरपेक्ष नारों का उपयोग करने का फैसला किया।

भगत सिंह हमेशा अपनी जेब में क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा की एक छोटी सी तस्वीर रखते थे, जिन्हें 1914 में ग़दर आंदोलन के दौरान फांसी दी गई थी। नौजवान भारत सभा ने एक बार हिम्मत करके लाहौर के ब्रैडली हॉल में सराभा के लिए एक स्मृति कार्यक्रम का आयोजन किया। भगवती चरण ने अपने पैसे का इस्तेमाल एक छोटी सी तस्वीर से बड़ी तस्वीर बनाने के लिए किया। तस्वीर के ऊपर सफेद खादी का पर्दा लटका हुआ था। इस समय भगवती चरण के मुख्य भाषण ने पूरे माहौल को अभिभूत कर दिया। उनकी पत्नी दुर्गावती और सुशीला दीदी नामक एक नौजवान भारत सभा कार्यकर्ता ने उनकी उंगली काटकर, अपने खून के छींटें उस सफेद पर्दे पर बिखेर दिए और मरने तक स्वतंत्रता के लिए काम करने की शपथ ली।

दुर्गावती हमेशा भगवतीचरण वोहरा के साथ काम करती थीं। क्रांतिकारी आंदोलनों के कारण भगवतीचरण को अक्सर भागना पड़ता और भूमिगत रहना पड़ा। इस दौरान उनकी अनुपस्थिति में भी क्रांतिकारी भगवतीचरण के घर आर्थिक और अन्य मदद के लिए आतेजाते थे। जिन लोगों ने इन अजनबियों को आते-जाते देखा, उन्होंने भी दुर्गावती के चरित्र के बारे में अफवाह फैला दी। अपमान के बावजूद, दंपति ने क्रांतिकारियों को भोजन, आश्रय और वित्तीय सहायता के लिए हमेशा अपने दरवाजे खुले रखे। उन दिनों उनके पास लाहौर में तीन घर थे, लाखों की संपत्ति और हजारों बैंक बैलेंस थे, लेकिन उन्होंने इन सभी सुख-सुविधाओं से इनकार कर दिया और स्वतंत्रता के लिए कई कठिनाइयों के साथ क्रांतिकारी रास्ता चुना। जब उनका विवाह हुआ तो भगवती चरण अपनी पत्नी दुर्गा को एक साधारण ग्रामीण महिला मानते थे। उन्होंने क्रांतिकारी शचिंद्रनाथ सान्याल के नाम पर अपने बेटे का नाम शचिंद्र रखा। भगत सिंह के साथी यशपाल ने अपनी 'फांसी के फंदे तक' इस किताब में इस बारे मे जिक्र किया है। भगत सिंह ने दिल्ली और कानपुर में संपर्क स्थापित किया। काकोरी षडयंत्र में गिरफ्तार क्रान्तिकारियों को मुक्त कराने की योजना बनाई जा रही थी। काकोरी की गिरफ्तारी के बाद संगठन कमजोर हो गया था। भगत सिंह पंजाब के बाहर आते-जाते रहते थे और पंजाब का नेतृत्व जयचंद्र को दिया जाता था। वह निष्क्रिय था। यशपाल लिखते हैं कि जयचंद्र बहुत ही डरपोक व्यक्ति थे, वो कभी गोलियां भी साथ नहीं रखते थे। पिस्तौल की गोलियां भी निकाल लेते था। वो भगवती को अपनी राह का रोड़ा समझते थे। वो निष्क्रिय थे और उनसे सक्रियता की उम्मीद थी। भगवती चरण संगठन के लिए बहुत पैसा खर्च करते थे, लेकिन कुछ नहीं होने से वे भी तंग आ गए थे। उन्होंने यह भी कहा कि 'जिन कारणों से काम ठप्प है वो कठिनाइयाँ हमे भी पता होनी चाहिए। अगर कुछ नहीं होता है, तो हम कुछ अलग करेंगे'। परिणाम ये हुआ कि जयचंद्र के नेतृत्व को चुनौती देने और सक्रियता के आग्रह के चलते उन्होंने भगवती चरण को एक बाधा समझना शुरू कर दिया।

भगवती का राजनीतिक प्रभाव बढ़ रहा था। पंजाब के पुराने क्रांतिकारियों से भी उनके संबंध थे। 1922 के सत्याग्रह के निरर्थक लगने के बाद, उन्होंने उस समय पंजाब में गुप्त रूप से बन रही कम्युनिस्ट पार्टी से संपर्क किया। इस कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों का बाद में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के साथ इतना घनिष्ठ संबंध नहीं रहा। पंजाब से कुछ साहसी लोग जो अफगानिस्तान के रास्ते रूस गए थे, उन्होंने लौटकर इस समूह का गठन किया था। इन लोगों ने गुप्त रूप से रूस और यूरोप से कम्युनिस्ट साहित्य वितरित किया। आंदोलन में व्यवस्था और योजना की कमी के कारण, एकत्र किया गया धन इस तरह खर्च किया गया था। भगवतीचरण के घर पेशावर से किताबें और पैसे आते थे। जब अंग्रेजों ने भगवतीचरण और यशपाल को काकोरी क्रांतिकारियों को मुक्त करने की साजिश रचने के लिए वारंट जारी किया गया तो दोनों फरार हो गए।

इस स्थिति का फायदा उठाकर जयचंद्र ने अफवाह फैला दी कि 'भगवती पुलिस का खबरी है। आंदोलन में जाँच पड़ताल का समय नहीं मिला। भगवती धनी हैं। उन्हें कहीं भी अच्छी नौकरी मिल जाती। अच्छा व्यापार कर सकते हैं लेकिन इसकी क्या जरूरत है? वह सीआईडी में कार्यरत है। वह कोई काम नहीं करता, वह हमेशा दरवाजे के पीछे बैठा हुआ कुछ लिखता रहता है। वह इसीलिए राजनीतिक कम कर रहा है ताकि सभी उत्साही क्रांतिकारियों को एक ही समय में फंसाया जा सके'। भगवती, भगतसिंह, सुखदेव और यशपाल जैसों कि अनुपस्थिति मे लोगों ने इस अफवाह पर विश्वास किया और भगवती को शक की नजर से देखने लगे। भगवतीचरण के सीआईडी में होने का दुष्प्रचार इतना फैला कि वह नौजवान भारत सभा और कांग्रेस तक पहुंच गया।

## संकल्प और साहस

खेल की कक्षा शुरू हुई तो एक दुबली-पतली अपंग लड़की किसी तरह अपनी जगह से उठी। वह खेलों के प्रति जिज्ञासा प्रकट करते हुए शिक्षक से ओलिंपिक रेकॉर्ड्स के बारे में सवाल पूछने लगी। इस पर सभी छात्र हंस पड़े। शिक्षक ने भी व्यंग्य किया- तुम खेलों के बारे में जानकर क्या करोगी। अपने ऊपर कभी नजर डाली है? तुम तो ठीक से खड़ी भी नहीं हो सकती, फिर ओलिंपिक से तुम्हें क्या मतलब है? तुम्हें कौन सा खेलना है जो यह सब जानोगी। चुपचाप बैठकर सुनो। रुआंसी लड़की कुछ कह न सकी। सारी क्लास उस पर हंसती रही। अगले दिन जब खेल पीरियड में उसे बाकी बच्चों से अलग बिठाया गया तो उसने कुछ सोचकर बैसाखियां संभालीं और दृढ़ निश्चय के साथ बोली- सर याद रखिएगा। अगर लगन सच्ची हो और इरादे बुलंद हों तो सब कुछ संभव है। आप देखना एक दिन यही लड़की हवा से बातें करके दिखाएगी। उसकी इस बात से भी ठहाका गूंज उठा। सबने इसे मजाक के रूप में लिया। लेकिन वह लड़की तेज चलने के अभ्यास में जुट गई। वह अच्छी और पौष्टिक खुराक लेने लगी, फिर वह कुछ दिनों में दौड़ने भी लगी। कुछ दिनों के बाद उसने छोटी-मोटी दौड़ में भाग लेना भी शुरू कर दिया। उसे दौड़ते देख लोग दांतों तले उंगली दबा लेते थे। फिर कई लोग उसकी मदद को आगे आए। सबने उसका उत्साह बढ़ाया। उसके हौसले बुलंद होने लगे। फिर उसने 1960 के ओलिंपिक में हिस्सा लिया और तीन स्वर्ण पदक जीतकर सबको हतप्रभ कर दिया। ओलिंपिक में इतिहास रचने वाली वह थी अमेरिकी धाविका विल्मा रुडोल्फ।

## कहो तो कह दूँ। अफसरों सावधान हो जाओ, चौतरफा घूम रहे हैं मामाजी के जासूस

चैतन्य भट्ट



आजकल अपने मुख्यमंत्री यानी ÷मामाजी÷ फुल फॉर्म में हैं, सुबह होती है सूरज अभी पूरा उग भी नहीं पाता कि मामाजी अफसरों की मीटिंग शुरू कर देते हैं, बेचारे अफसर रात रात भर सो नहीं पा रहे हैं कि कंही ऐसा न हो कि सुबह नींद न खुल पाए और मामाजी एक ही झटके में निबटा दें द्य घर में जितनी भी घड़ियां है जितने भी मोबाइल हैं उन सबमें सुबह चार बजे का अलार्म लगा देते है मोबाइल अपने तकिये के नीचे रखते हैं कि पता नहीं कब मामाजी का फोन आ जाए या उनका मेसेज आ जाये द्य भारी हलाकान हो गये हैं पूरे प्रदेश के आराम तलाब अफसर द्य पहले कितने अच्छे थे मामाजी न कभी किसी को चमकाते थे न किसी को डांटते थे, मनमर्जी से काम कर रहे थे तमाम अफसर, जनता परेशां होती थी होती रहती थी उनकी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ता था लेकिन पिछले कुछ समय से मामाजी को पता नहीं क्या हो गया है, जब भी अफसर लोग एक दूसरे से मिलते है बस एक ही चर्चा करते है कि अचानक मामाजी ने ऐसा रौद्र रूप कैसे धारण कर लिया, रात को बिस्तर पर चले तो जाते है लेकिन नींद नहीं आती द्य किसी का भी फोन आता है तो लगता है कि मामाजी का फोन न हो मोबाईल देखकर डर लगने लगा है कि पता नहीं कब बज जाए और मामाजी मीटिंग के लिए बुला लें, जो अफसर आठ और नौ बजे सोकर उठते थे वे सुबह ÷ब्रह्म मुहूर्त÷ में नहा धोकर साफ सुथरे कपडे पहन कर बैठ जाते हैं कि पता नहीं मामाजी कब किसको बुला लें और आजकल तो एक और मुश्किल हो गयी है मामाजी के जासूस पूरे प्रदेश में घूम रहे हैं और चुपचाप भ्रष्ट अफसरों की रिपोर्ट मामाजी को सौप देते है और मामाजी सुबह सुबह किसी भी जिले के कलेक्टर को उसके जिले के उन भ्रष्ट अफसरों की लिस्ट उन्हें सौप देते है तब कलेक्टर को पता लगता है कि उनकी नाक के नीचे कितना भ्रष्टाचार हो रहा है अब कलेक्टर भी धर्म संकट में पड़ कर सोचता है कि वो करे भी तो क्या करे, जब मामाजी ने ही लिस्ट सौपी है तो गोल गपाड़ा भी नहीं कर सकते वरना पहले तो सब कुछ आराम से चल रहा था लेकिन मामाजी की खुफ़िया शाखा चुन चुन कर भृष्ट अफसरों की लिस्ट बना कर उनके सामने रख रही है ,अब तो अफसरों को किसी से भी बात करने में डर सा लगने लगा है कि पता नहीं कौन सी बात मुंह से निकल जाए क्या पता वो मामाजी का जासूस हो ।अब हर आदमी को वे शक की निगाह से देखने लगे हैं हर दूसरा आदमी उन्हें मामाजी की ÷खुफ़िया शाखा÷ का जासूस नजर आता है मामाजी को इस बात के लिए धन्यवाद तो देना पड़ेगा कि उन्होंने अफसरों की पीठ पर जीन कस दी है अपना तो मानना है कि मामाजी अपने जासूसों को अपनी पार्टी के नेताओं के पीछे भी लगाओ ताकि पता लगे कि वे क्या गुल खिला रहे हैं

### वे बूढ़े तो दूसरे नेता क्या हैं

कमलनाथ सरकार को पलटाने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक सभा में साफ साफ़ कह दिया कि भले ही लोग मुझे जवान समझें लेकिन मैं बुढ़ापे की तरफ बढ़ रहा हूँ । अपन ने जब से उनकी ये बात सुनी है उन नेताओ के बारे में सोचने के लिए मजबूर हो गए हैं जो सचमुच बूढ़े हो गए है लेकिन अभी भी अपने आप को जवान मानते हैं बाल और मूंछ काली कर अपने आपको जवान साबित करने में लगे हुए है लेकिन सिंधिया जी ने ये कह कर सबकी हालत पतली कर दी है द्य वैसे महाराज ने ऐसा क्यों कह दिया ये अपनी समझ से बाहर है, अभी उनकी उम्र ही क्या है, चेहरे पर पूरी चमक और ताजगी है, बाल काले हैं, तेज चाल से चलते हैं, भाषण देते है तो पूरा जोश दिखाई देता है, बुढ़ापे का तो एक भी लक्षण नजर नहीं आता, हट्टे कट्टे जवान आदमी हैं लेकिन अपने आप को बुढ़ापे की तरफ अग्रसर होने की बात कह रहे हैं उनकी इस बात से वे तमाम नेता परेशान हो गए है जो सचमुच में बुढया गए है उनको लगने लगा है कि जब महाराज अपने आप को बूढ़ा बताने में जुट गए है तो उन्हें तो अभी तक दूसरा जन्म ले लेना चाहिए था द्य इधर दोनों ही दलों ने पचास और साठ का फ़ार्मूला तय करने की बात कह दी है और जब से ये खबर सामने आई है बेचारे पचास और साठ से ऊपर वाले नेता अपने आप को अभी से बेरोजगार समझने लगे हैं ।

# परवानों को बुलाते हैं शम्मा दिखा के हम

### सूडोकु नवताल- 6080

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6079 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

तनवीर जाफ़री



गांधीवादी सिद्धांतों व विचारधारा पर चलने वाली कांग्रेस पार्टी देश की स्वतंत्रता से लेकर अब तक दुर्भाग्यवश अनेक बार विभाजित हो चुकी है। ब्रह्मानंद रेड्डी से लेकर बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा,नारायण दत्त तिवारी,मोहसिना क़िदवई,देव राज अर्स,ममता बनर्जी और शरद पवार जैसे और भी अनेक बड़े से बड़े नेताओं ने कांग्रेस पार्टी से समय समय पर किसी न किसी मतभेद के चलते अपना नाता तोड़ा। परन्तु चूँकि यह नेता गांधीवादी व धर्मनिरपेक्ष विचारधारा पर चलने वाले तथा व्यक्तिगत जनाधार रखने वाले नेता थे लिहाज़ा इन्होंने सत्ता हासिल करने के लिये किसी धुर विरोधी विचारधारा की दक्षिणपंथी पार्टी में शामिल होने के बजाये स्वयं अपना संगठन खड़ा किया। परन्तु वर्तमान दौर में जबकि बेरोज़गारी व मंहगाई अपने चरम पर है देश की अर्थव्यवस्था चौपट होने की कगार पर है। डॉलर के मुक़ाबले रुपया अपने रिकार्ड स्तर तक गिर चुका है। सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के पास अपनी साख बचाने के केवल दो ही उपाय हैं जिनके सहारे वह जनता में विशेषकर देश के बहुसंख्य समाज में लोकप्रिय बने रहने की कोशिश कर रही है। एक तो मुख्यधारा के मीडिया विशेषकर टी वी चैनल्स को अपने पक्ष में कर सत्ता के क़सीदे पढ़वाना और समाज को धर्म के आधार पर विभाजित करने की पूरी छूट देना तथा दूसरे विवादित अविवादित धार्मिक मुद्दों को हवा देकर लोगों की धार्मिक भावनाओं को उकसाकर तथा धार्मिक विवाद पैदा कर धर्म आधारित ध्रुवीकरण कर बहुंसख्यवाद की राजनीति करना। भारतीय जनता पार्टी इस रास्ते पर चलते हुये भले ही स्वयं को संख्याबल के हिसाब से मज़बूत स्थिति में क्यों न पा रही हो परन्तु देश का एक बड़ा वर्ग ख़ासकर पढ़ा लिखा,गंभीर चिंतन करने वाला वर्ग,उदारवादी समाज यहाँ तक कि विदेशी मीडिया व अनेक विदेशी राजनेता भी भरतीय राजनीति की वर्तमान शैली की आलोचना करते रहते हैं। इस वर्ग का मानना है कि जो भारतवर्ष गाँधी का भारत कहा जाता है,जिस गाँधी के सत्य,अहिंसा के सिद्धांत की पूरी दुनिया क़ायल हो व अनुसरण करती हो,उस देश में गाँधी के हत्यारे गोडसे की विचारधारा का पनपना और सत्ताधारी नेताओं व उनके समर्थकों द्वारा गोडसे का गुणगान किया जाना आख़िर क्या सन्देश दे रहा है ?

और इसी सन्दर्भ में दूसरा सबसे बड़ा सवाल यह कि उपरोक्त हालात के बावजूद आख़िर क्या वजह है कि एक और जहाँ सत्ताधारी दल के क़द्दावर मंत्री नितिन गड़करी तक यह महसूस कर रहे हों कि- %स्वस्थ लोकतंत्र के लिए कांग्रेस का मज़बूत होना ज़रूरी है और यह उनकी ईमानदारी से इच्छा है कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत बने। लोकतंत्र दो पहियों के सहारे चलता है जिनमें से एक पहिया सत्ताधारी पार्टी है जबकि दूसरा पहिया विपक्ष है। लोकतंत्र के लिए मज़बूत विपक्ष की ज़रूरत है और इसलिए मैं हृदय से महसूस करता हूं कि कांग्रेस को राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत होना चाहिए %। गडकरी का यह भी कथन है कि -%चूंकि कांग्रेस कमज़ोर हो रही है, अन्य क्षेत्रीय पार्टियां उसका स्थान ले रही हैं,यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है कि अन्य क्षेत्रीय पार्टियां कांग्रेस का स्थान लें।% सवाल यह है कि जब सत्ता पक्ष का एक क़द्दावर नेता व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस के बारे में ऐसी उम्मीद व विचार रख रहा हो ऐसे में क्या वजह है कि आये दिन कांग्रेस का ही कोई न कोई प्रमुख नेता किसी न किसी बहाने से न केवल कांग्रेस छोड़ रहा है बल्कि कांग्रेस की धुर विरोधी विचारधारा रखने वाली भारतीय जनता पार्टी में ही शामिल भी हो रहा है ? वे कांग्रेसी नेता जो संसद से सड़कों तक भाजपा को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संरक्षण में चलने वाली सांप्रदायिक,नाज़ीवादी,गाँधी की हत्यारी,गोडसे का गुणगान करने वाली देश को धर्म जाति भाषा आदि के नाम पर विभाजित करने वाली तथा अंग्रेज़ों से मुआफ़ी मांगने वाले नेताओं की पार्टी बताया करते थे,क्या वजह है कि आज वही नेता उसी भाजपा में शामिल हो रहे हैं ?


## भाजपा राहुल को धन्यवाद दे

वेदप्रताप वैदिक

राहुल गांधी ने लंदन जाकर भारत की राजनीति, सरकार, संघवाद, विदेश मंत्रालय आदि के बारे में जो बातें कहीं, वे नई नहीं हैं लेकिन सवाल यह है कि उन्हें विदेशों में जाकर क्या यह सब बोलना चाहिए? भारत में रहते हुए वे सरकार की निंदा करें, यह बात तो समझ में आती है, क्योंकि वे ऐसा न करें तो विपक्ष का धंधा ही बंद हो जाएगा। भारत का विपक्ष इतना टटपूंजिया हो गया है कि उसके पास निंदा के अलावा कोई धंधा ही नहीं बचा है। उसके पास न कोई विचारधारा है, न सिद्धांत है, न नीति है, न कार्यक्रम है, न जन-आंदोलन के कोई मुद्दे हैं। उसके पास कोई दिखावटी नेता भी नहीं हैं। जो नेता हैं, वे कालिदास और भवभूति के विदूषकों को भी मात करते हैं। उनकी बातें सुनकर लोग हंसने के अलावा क्या कर सकते हैं? जैसे राहुल गांधी का यह कहना कि भारत-चीन सीमा का विवाद रूस-यूक्रेन युद्ध का रूप भी ले सकता है। ऐसा मजाकिया बयान जो दे दे, उसे कुछ खुशामदी लोग फिर से कांग्रेस-जैसी महान पार्टी का अध्यक्ष बनवा देना चाहते हैं। जो व्यक्ति भारत की तुलना यूक्रेन से कर सकता है, आप अंदाज लगा सकते हैं कि उसके माता-पिता ने उसकी पढ़ाई-लिखाई पर कितना ध्यान दिया होगा? कोई जरुरी नहीं है कि हर नेता अंतरराष्ट्रीय राजनीति का विशेषज्ञ हो लेकिन वह यदि अखबार भी ध्यान से पढ़ ले और उन्हें न पढ़ सके तो कम से कम टीवी देख लिया करे तो वह ऐसी बेसिर-पैर की बात कहने से बच सकता है। भारतीय राजनीति परिवारवाद और सत्ता के केंद्रीयकरण से ग्रस्त है, इसमें शक नहीं है लेकिन उसका विरोध करने की बजाय राहुल ने भारत को विभिन्न राज्यों का संघ बता दिया। इसका अर्थ क्या हुआ? याने भारत एकात्म राष्ट्र नहीं है। ऐसा कहकर क्या अलगाववाद को प्रोत्साहित नहीं किया जा रहा है? इसी तरह पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति की तुलना भारत से करने की तुक क्या है? भारत में कोई सरकार कभी अपनी फौज के इशारों पर नाची है? यह कहना बिल्कुल गलत है कि भारत के अखबारों और टीवी चैनलों पर भारत सरकार का 100 प्रतिशत कब्जा है। क्या आज भारत में आपात्काल (1975-77) जैसी स्थिति है? जो पत्रकार और अखबार मालिक खुशामदी हैं, वे अपने स्वार्थों की वजह से हैं। जो निष्पक्ष और निर्भीक हैं, उन्हें छूने की हिम्मत किसी की भी नहीं है। भाजपा सरकार के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर घमंडी होने का आरोप भी लगाया जाता रहा है लेकिन यही आरोप तो आज कांग्रेस के नेतृत्व को तबाही की तरफ ले जा रहा है।

# सोमवती अमावस्या 30 मई को, इसी दिन मनाई जाएगी शनि जयंती

**अंबाह।** आने वाली 30 मई को शनि जयंती व वट सावित्री अमावस्या मनाई जाएगी। उस दिन सोमवार होने से सोमवती अमावस्या का शुभ संयोग बन रहा है व इसी दिन शनि देव अपनी ही राशि कुंभ में रहेंगे।



थरा गांव के पंडित रामदत्त मिश्रा के शिष्य पंडित अमित मिश्रा का कहना है कि यह योग शनि बाधा पीड़ितों के लिए खास हैं। ऐसे लोग शनि देव की आराधना और असहायों की सेवा कर रोग और तमाम पीढ़ाओं से मुक्ति पा सकते है। इस दिन महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर बट वृक्ष की परिक्रमा करेंगी। इसी दिन सोमवती अमावस्या पर स्नान दान का पुण्य मिलेगा। इसके 15 दिन बाद यानी 14 जून को वट सावित्री पूर्णिमा भी महिलाओं के लिए खास रहेगी। इस दिन व्रत रखकर वह अपने अखंड सौभाग्य के लिए प्रार्थना करेंगी। इसके साथ ही ज्येष्ठ माह में कई अन्य पर्व भी लोगो को समृद्धि दिलाएंगे।

### पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना

पंडित अमित मिश्रा ने बताया कि वट सावित्री अमावस्या सुहागिन महिलाओं के लिए खास दिन होता है। इसी दिन सावित्री ने पूजा से यमदेव को प्रसन्न कर अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। तभी से वट सावित्री अमावस्या व वट सावित्री पूर्णिमा मनाई जाने लगी। अमावस्या पर महिलाएं वटवृक्ष की जड़ में जल देकर तने पर कच्चा धागा लपेट कर सात, 11 या 21 परिक्रमा कर पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना करेंगी। पूजा में घर में बने पकवान चढ़ाए जाते हैं।

### सोमवती अमावस्या का महत्व

इस संयोग पर पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है व मंदिरों में दर्शन करना चाहिए। पूजा-पाठ और दान करना चाहिए। नदी में स्नान नहीं कर सकते, तो घर पर पानी में गंगाजल मिलाकर नहाने से इसका पुण्य मिलेगा। सूर्य को अर्ध्य दें। स्नान के बाद जरूरतमंद लोगों को अनाज और गोशाला में धन, हरी घास का दान करें। अमावस्या पर पितरों के लिए धूप-ध्यान करें। हथेली में जल लें और अंगूठे की ओर से पितरों को अर्घ्य दें।

### शनि जयंती पर क्या करें

पंडित अमित मिश्रा का कहना है कि ज्येष्ठ अमावस्या को शनिदेव का प्रकटोत्सव है। इनकी कृपा प्राप्ति का एक सहज उपाय यह है कि वृद्ध, रोगी, दिव्यांग व असहाय लोगों की सेवा करें। किसी प्रकार का व्यसन करते हों, तो उसे भी त्याग दें, तो कष्टों का निवारण होने लगता है। शनि प्रतिमा पर सरसों का तेल, तिल चढ़ाकर अभिषेक व दान-पुण्य करें। आटे की गोली बनाकर तालाब में मछलियों के लिए डालें। शमी का पौधा घर में लगाएं और दान करें। जरूरतमंदों को भोजन, छाता, तेल, उड़द दाल और स्टील के बर्तन दान करें। वृद्धाश्रमों में जाकर जरूरत की वस्तुएं प्रदान करें।



## राज्यसभा सांसद विवेक ने न्यायमूर्ति की माता जी को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**मुरैना।** न्यायमूर्ति जितेंद्र माहेश्वरी की माता श्रीमती मोहन प्यारी देवी के निधन पर श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में सोमवार को सीनियर एडवोकेट, राज्यसभा सदस्य, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता विवेक तन्खा ने भी जौरा पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। सोमवार को राज्यसभा सदस्य विवेक तंखा ने जौरा पहुंचकर श्रीमती माहेश्वरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक सिंह, दिमनी के पूर्व विधायक बलवीर दंडोतिया, जौरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पंकज उपाध्याय एवं बंटी उपाध्याय भी थे। इसी तारतम्य में न्यायमूर्तिगण धर्माधिकारी, डीडी बंसल विवेक अग्रवाल ने भी माहेश्वरी निवास पर पहुंचकर श्रीमती माहेश्वरी को श्रद्धांजलि दी। एमपी एग्रो के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त ऐदल सिंह कंसाना, जिले के प्रभारी मंत्री भारत सिंह, पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेंद्र बरुआ, ग्वालियर पुलिस अधीक्षक अमित सांगी, एडिशनल एसपी राजेश दंडोतिया एवं ठेकेदार बंटी दंडोतिया, बालकृष्ण शर्मा सहित आदि गणमान्य नागरिकों अधिकारियों व्यापारियों समाजसेवियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2022 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये, रजत पदक पर 8 हजार रूपये एवं कांस्य पदक पर 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान हैं। वर्ष 2022 की खेलवृत्ति के लिए आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश व नियमावली विभागीय बेवसाइट पर उपलब्ध है।

## किसान स्वयं की जमीन पर तालाब का निर्माण करा सकते है

**मुरैना।** कृषि विभाग द्वारा बलराम तालाब योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत किसान स्वयं की जमीन पर तालाब का निर्माण करा सकते हैं। इसके लिए किसानों का पंजीयन शुरू हो गया है। बलराम तालाब निर्माण के लिए किसान विभाग की वेबसाइट डीवीटी डॉट एमपीडीएजीई डॉट ओआरजी पर पंजीयन करा सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन किया जा सकता है। बलराम तालाब बनाने पर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के किसानों को लागत का 75 प्रतिशत रुपए अधिकतम एक लाख रुपए तक अनुदान दिया जाएगा। लघु और सीमांत किसानों को लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम 80 हजार रुपए तथा अन्य किसानों को लागत का 40 प्रतिशत अधिकतम 80 हजार रुपए अनुदान दिया जाएगा। बलराम तालाब योजना का लाभ लेने के लिए किसी कार्यालय में जाने की आवश्यकता नहीं है। किसान स्वयं की जमीन पर तालाब निर्माण के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। तालाब निर्माण के बाद सिंचाई के लिए ड्रिप या स्प्रिंकलर लगाना अनिवार्य होगा। किसान द्वारा निर्धारित किए गए निर्माण स्थल का निरीक्षण करने के बाद तालाब निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। किसान स्वयं की जमीन पर तालाब का निर्माण कराकर एक ओर जहां जल संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा दे सकते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें सिंचाई की भी सुविधा प्राप्त होगी।

## गेहूं विक्रय के लिए किसानो के स्लॉट बुक की तिथि बढ़ाई गई

**मुरैना।** समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्लॉट बुक करने की तिथि बढ़ाई गई है। किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग किए जाने के लिए अंतिम तिथि 31 मई कर दी गई है। जिले के सभी किसान स्लॉट बुकिंग खरीदी केन्द्र, ग्राम पंचायत एवं लोक सेवा केन्द्र पर निःशुल्क करा सकते हैं।

# अचानक बदला मौसम, धूल भरी आंधी के साथ हुई बारिश, पारा 9 डिग्री लुढ़का

### बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं ने गर्मी से जूझते लोगों को दी राहत

**मुरैना।** पिछले 2 महीने से चंबल अंचल में भीषण गर्मी के चलते हालात इतने खराब हो गए थे कि दिन में सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था और सुबह शाम ही सड़कों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही थी। गर्मी के चलते कूलर एवं एसी भी जवाब दे चुके थे, लेकिन रविवार की शाम एवं सोमवार की सुबह धूल भरी आंधी के साथ हुई बारिश के बाद ठंडी हवाओं ने मौसम को कूल-कूल कर दिया तथा भीषण गर्मी झेल रहे लोगों को राहत दी है, इसके साथ ही पारा भी 9 डिग्री लुढ़क गया है।




सूरज की तेज तपन के कारण पिछले 2 महीने से भीषण गर्मी पड़ रही थी और लोग त्राहि-त्राहि कर रहे थे। दिन में गर्म लपटें तो रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही थी। भीषण गर्मी के कारण लोगों के कामकाज भी प्रभावित हो रहे थे और दिन में गर्मी के चलते लोग काम भी नहीं कर पा रहे थे। इतनी भीषण गर्मी थी कि एसी एवं कूलर भी फेल हो गए थे। शनिवार की शाम को अचानक वेस्टर्न डिस्टर्ब हुआ और धूल भरी आंधी के साथ बादल छाए तो लगा कि अब कुछ गर्मी से राहत मिलेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और आंधी के बाद मामला शांत हो गया। सोमवार की सुबह 9 बजे के पश्चात अचानक मौसम ने करवट ली तथा तेज आंधी के साथ कुछ देर के लिए बारिश हुई और इसके बाद तेज ठंडी हवाओं ने मौसम को कूल-कूल कर दिया। अचानक मौसम में आए बदलाव से आमजन ने राहत की सांस ली है। सोमवार को पूरा दिन लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की तथा दिनभर सड़कों पर लोग दिखाई दिए। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चार-पांच दिन से लगातार अधिकतम तापमान 44-45 एवं 46 डिग्री तक पहुंच रहा था तो वहीं रात का तापमान 30 और 35 के बीच में चल रहा था, जिससे लोग काफी परेशान थे। मौसम में अचानक आए बदलाव से लोगों को राहत मिली है, जिसके बाद सोमवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## परिजन गमी में गए और चोर उड़ा ले गए दो लाख का जेवर

**मुरैना।** बानमोर कस्बे में रविवार की दोपहर सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर दो लाख रुपए के आभूषण एवं नगदी चोरी कर ले गए। घटना के समय परिवारी जन किसी गमी में गए हुए थे। बानमोर थाना पुलिस ने रिपोर्ट पर से चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे में नगर पालिका के पास रहने वाले सतीश खटीक पुत्र लोडूराम का परिवार रविवार की दोपहर जौरा किसी गमी मैं गए हुए थे तथा मकान का ताला लगा हुआ था। गर्मी के चलते मोहल्ले में सन्नाटा था, इसी का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं 12 हजार रुपए नगदी लगभग दो लाख रुपए का सामान समेट ले गए। घटना का पता परिजनों के लौटने पर चला और पुलिस को सूचना दी गई। बानमोर थाना पुलिस ने सतीश की रिपोर्ट पर से अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।





## 21 मई से 21 जून तक निःशुल्क रोग प्रशिक्षण शिविर आरोजित

**मुरैना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र मुरैना एवं पतंजलि योग पीठ परिवार मुरैना के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हाल ही में चंबल कॉलोनी मुरैना में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ के प्रभारी राजेश शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग पीठ प्रशिक्षक तहसीलदार बैसला द्वारा शुभारंभ की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ की कड़ी में नेहरू युवा केन्द्र मुरैना के रामविलास शर्मा, अंकित भटेले द्वारा मुख्य अतिथि अध्यक्ष एवं प्रशिक्षक का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। नेहरू युवा केन्द्र मुरैना के उपनिदेशक राकेश सिंह तोमर द्वारा योग कार्यक्रम के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में योग प्रशिक्षक तहसीलदार बैसला, श्रीमती हेमा अग्रवाल ने युवाओं को महिलाओं को योग के बारे में और योग कौन-कौन से हैं उसके बारे में जानकारी दी। जैसे कपाल भारती, अलोमविलोम, वज्रासन, भस्त्रिका, भुजंगासन, गोमुखासन, मनडूक आसन, प्राणायाम आदि आसन का अभ्यास कराया गया। योग आचार्य श्री बैंसला ने बताया कि ये योग कार्यक्रम दिनांक 21 मई से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक नि.शुल्क सिखाया जा रहा है। लोगों से अपील है कि आप लोग ज्यादा से ज्यादा शिविर का लाभ लें। कार्यक्रम में रामविलास शर्मा अंकित भाटेले धर्मेंद्र मंगल राजेश सिंह सिकरवार दीनदयाल शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।



## बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कानून व्यवस्था एवं आगामी चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे, जिसके चलते पुलिस ने एक आरोपी को बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बामौर थाना प्रभारी वीरेश सिंह कुशवाह ने बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन करने वाले आरोपी के विरुद्ध 122 की धारा का उल्लंघन करते हुए कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम पारोली के रईस खान एवं रिजवान खान के विरुद्ध शांति व्यवस्था बनाए रखने, जमानत के मुचलके पर पाबंद कराने के लिए तहसीलदार बामौर की ओर प्रस्ताव भेजा गया था। जिसके बाद दोनों पक्षों पर 50-50 हजार रुपए के मुचलके एवं उतनी ही राशि के बंध पत्र भरकर पेश करने पर स्वीकार किए गए। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच लड़ाई-झगड़ा होने से आवेदक पक्ष के द्वारा रईस पुत्र सलमान खान निवासी पारोली थाना बामौर के विरुद्ध धारा 307, 294, 506, 34 का मामला पंजीबद्ध किया गया। रईस खान द्वारा तहसीलदार बामौर के समक्ष किए गए। बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन किया गया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ धारा 122 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि मुरैना जिले में यह पहली कार्रवाई है, जब बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



# बालाघाट जिले की में नक्सलि सक्रिय, दिया तेंदूपत्ता फड में वारदात को अंजाम..

### लगभग 35 लाख की नुकसानी का अनुमान..

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

वन परिक्षेत्र लांजी अंतर्गत पूर्वी भाग में लांजी मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित वनांचल ग्राम चौरिया के बिलालकसा और दड़कसा में रविवार 22 मई को रात्रि करीब 11 बजे नक्सलियों के द्वारा तेंदूपत्ता में आग लगा देने का मामला सामने आया है। नक्सलियों के द्वारा ग्राम चौरिया अंतर्गत दो फड़ जिसमे दड़कसा भाग 2 और बिलालकसा भाग 1 में आग लगाई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार चौरीया अंतर्गत कुल 11 फड़ तेंदूपत्ता का संग्रहण किया जा रहा है जिसमे से 2 फड़ में नक्सलियों ने आग लगाई है। मौके पर उपस्थित फड़ मुंशी ने जानकारी में बताया कि रविवार को रात्रि लगभग 11ः00 बजे कुछ हथियारबंद लोग आए जिन्होंने तेंदूपत्ते के बोरो के बारे में जानकारी ली और फिर उन्होंने तेंदुपत्ते को आग लगाना शुरू कर दिया, उनके पास बोरा काटने का चाकू और बंदूके थी जिसमें तीन महिला और दो पुरुष थे। इसके साथ ही अन्य लोग भी दूर उपस्थित थे। वहीं तेंदूपत्ता संग्राहक सनशाइन इंटरप्राइजेज राजनांदगांव के क्रेता प्रतिनिधि मोहम्मद अनावर हुसैन ने जानकारी के बताया कि रात्रि में नक्सलियों के द्वारा तेंदूपत्ता में आग लगा दी गई जिसमें दड़कसा भाग 2 में लगभग 1 लाख 21 हजार मानक तेंदूपत्ता रखा हुआ था जिसमें से लगभग एक लाख तेंदूपत्ता जला दिया गया जिसमें करीब 12 लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान है।

इसी प्रकार बिलालकसा भाग 1 में 2 लाख 98 हजार मानक तेंदूपत्ता रखा हुआ था जिसमें 2.50 लाख तेंदूपत्ता में आग लगाई गई जिसमें करीब 25 लाख का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। दोनो फड़ो से लगभग 35 से 37 लाख रुपए के नुकसान होने का अनुमान है। इसके अलावा जानकारी में यह भी बताया कि सोनपुरी में भी तेंदूपत्ता फड़ो में आग लगाई गई है। वहीं बता दे कि मौका स्थल से नक्सली पर्चा भी बरामद हुआ है जिसमें लिखा है कि तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले ठेकेदार एवं मैनेजर पुलिस प्रशासन की मदद लेकर मजदूरों के ऊपर अत्याचार कर रहे है। नक्सली पर्चे में



लिखा है कि तेंदूपत्ता मजदूरों को प्रति सैकड़ा 600 रुपए एवं फड़ मुंशी व चपरासी को 25 हजार रूपए दिए जाए, मजदूरों को उनका हक न दिए जाने के चलते तेंदुपत्ता फड़ो में आग लगाई गई है। तेंदुपत्ता फड़ो को आग लगा दिये जाने की घटना को लेकर पुलिस महकमा भी अलर्ट हो गया है।

### बोले पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ..

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने चर्चा में बताया कि बीती रात्रि नक्सली संगठन द्वारा दो तेदुपत्ता फड़ को जला दिया गया है। जिस पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस घटना से यह साफ हो जाता है कि नक्सलियों की तेंदुपत्ता के सीजन में जो अवैध वसुली हो रही थी, उस पर ब्रेक लगा है। चूंकि अब तक 180 फड़ो पर पुलिस टीम ने पहुंचकर लोगों और फड़ मुंशियों से चर्चा की है और किसी भी प्रकार की समस्या पर चर्चा के लिए मोबाईल नंबर भी शेयर किये है। जिससे नक्सलियों में बौखलाहट है और वह वसुली नहीं कर पाने की हताशा में ऐसी घटना को अंजाम दे रहे है और यह साबित कर दिया है कि वह ग्रामीणों के किसी भी प्रकार से हितैषी नहीं है, क्योंकि ग्रामीणों ने दिन-रात मेहनत कर तेंदुपत्ता तोड़ा है और उनकी मेहनत को इस तरह से आग लगाना, उनके चेहरे को उजागर करता है। एक पर्चा मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।

### इनका कहना है..

अनवार हुसैन (मैनेजर सनशाइन इंटरप्राइजेज राजनांदगांव) मैं सनशाइन इंटरप्राइजेज कंपनी राजनंदगांव का प्रतिनिधि हूं बीती रात को हमारे दो फड़ो को आग लगा दी गई है जिसमें से एक फड़ बिलालकसा और दूसरा दडेकसा का है। जिसमें हमारा एक फड़ में लगभग 90 बोरे के आसपास जलाया गया है जिसकी कीमत लगभग 12 से 13 लाख रुपय की है। वही बिलालकसा फड़ की बात करें तो लगभग ढाई सौ मानक बोरा जला दिया गया है जिसका का आकलन लगभग 25 लाख रुपए का है। हमारी शासन से यह मांग है कि हमारी रॉयल्टी को माफ करें और जो हमारे क्रायमुल्य है उसको घटाया जाए।


### चेकर बिलालकसा का कहना है

बिलालकसा तेंदूपत्ता फड़ मुंशी ने बताया कि बीती रात को दोनों फड़ो के मजदूर यहां सोए थे और वह सामने वाले घर पर जाकर आराम करने लगा। लगभग 11ः00 बजे उसे कुछ मजदूर आकर जगाए और उनके द्वारा बताया गया कि कुछ हथियारबंद लोग वहां खड़े हैं जिन्होंने तेंदू पत्ते के बारे में जानकारी ली और फिर उन्होंने तेंदुपत्तों को आग लगाना शुरू कर दिया। उन अज्ञात लोगों के पास बोरा काटने का चाकू और बंदूके भी थी जिसमें तीन महिला और दो पुरुष थे।

### बुधारू मेरावी दडकसा तेंदूपत्ता फड़ मुंशी

मैं दड़कसा भाग दो में तेंदूपत्ता फड़ी में मुंशी का कार्य करता हूं। कल रात में हम लोग घर में सोए थे। रात्रि करीब 1 बजे मैं उठा तो तेंदूपत्ता फड़ में आग लगी हुई थी तब मेरे द्वारा मौके पर जाकर देखा तो उस दौरान वहां कोई नहीं था, बस आग जल रही थी।

## दबोह पुलिस ने छापामार कार्यबाही करते हुए पकड़ी 50 क्वाटर शराब



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा जिले में चलाए जा रहे शराबमाफियो के खिलाफ अभियान के तहत दबोह पुलिस ने सोमवार को दो जगह छापामार कार्यबाही करते हुए 50 क्वाटर अवैध शराब जप्त की है।दबोह थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम गोरा से बलबीर पुत्र गेंदा लाल निबासी गोरा से 30 क्वाटर, तथा ग्राम बीसनपुरा से गोबिंद सिंह यादव पुत्र जबर सिंह से 20 क्वाटर अबैध शराब जप्त कर आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।इस कार्यबाही में उपनिरीक्षक अम्बरीश शर्मा,सहायक उपनिरीक्षक बलबीर सिंह,आरक्षक संजय परिहार,आनंद कुशबाह की भूमिका रही।

### राजकुमार पाल बने पाल समाज के नगर अद्यक्ष

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-**अखिल भारतीय पाल बघेल महासभा शिवपुरी की कार्यकरिणी गत दिवस गोपाल जी गार्डन में घोषित की गई जिसमें वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद




राजकुमार पाल को नगर अद्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। राजकुमार पाल की नियुक्ति पाल महासभा के राष्ट्रीय अद्यक्ष पूर्व मन्त्री शैतान सिंह पाल के निर्देशन में प्रदेश अद्यक्ष एड. धर्मेद्र सिंह पाल की सहमति से जिलाध्यक्ष एडवोकेट रामस्वरूप बघेल ने की है। पाल समाज के नगर अध्यक्ष राजकुमार ने अपनी नियुक्ति पर समाज के राष्ट्रीय प्रदेश एवं जिले नेतृत्व का आभार जताया तथा अपने पद पर ईमानदारी और निष्ठा से कार्य कर समाजसेवा का संकल्प लिया। राजकुमार पाल को नगर अद्यक्ष बनाये जाने पर समाज बंधुओं ने उन्हें बधाईयां दी हैं।

## श्री संतोष सिंह भदोरिया जी को क्षत्रिय महासभा ने किया ग्वालियर मे सम्मानित।





**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर /**भारतीय जनता पार्टी में जिला मीडिया प्रभारी जिला भिंड बनाए जाने पर श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा अखंड भारत केप्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह राजावत जी, संभाग उपाध्यक्ष श्री नरेश सिंह भदौरिया जी, प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री गुलशन सिंह भदोरिया जी, प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा श्री आशुप्रताप सिंह राजावत के द्वारा साफा और तलवार भेंट कर प्रभु श्री राम और प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप जी का छायाचित्र भेंट किया इस अवसर पर प्रदेश की संपूर्ण टीम ने हर्ष व्यक्त किया और सुभकामनाए दी।

## डॉक्टर महेन्द्रसिंह राजपुरोहित ने छात्रा को पुरस्कृत देकर किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरू–** बनूर स्थित बाल गंगाधरनाथ स्वामी स्कूल में आदिचुनचुनगिरी मठ प्रमुख सोमेश्वरनाथ स्वामी की निश्रा में एक स्वागत समारोह में अंग्रेजी माध्यम की छात्रा दिशा का राज्य दसवीं बोर्ड परीक्षा में 625 में से 625 अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर समाजसेवी डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में सम्मान किया गया द्य छात्रा दिशा का शैक्षणिक क्षेत्र में आर्थिक रूप से सहयोग करने पर समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित (कालप्पा) का स्वामी व स्कूल शिक्षक समूह द्वारा सम्मान किया गया द्य महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में बताया कि किसान परिवार की छात्रा दिशा शैक्षणिक क्षेत्र में शुरुआती दौर से ही मेधावी छात्रा रही है द्य परिवार की आर्थिक स्थिति निम्न स्तर होने के बावजूद छात्रा ने पढ़ाई के प्रति हौसला कमजोर नहीं होने दिया द्य छात्रा ने कड़ी मेहनत कर आगे की पढ़ाई जारी रखी द्य जिसकी बदौलत आज छात्रा ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर खुद को सिद्ध किया द्य छात्रा के पिता बी.एम.महेश व माता लक्ष्मी ने बताया कि समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने हमेशा से ही दिशा का आर्थिक सहयोग कर पढ़ने हेतु प्रेरित करते आये हैं द्य मठ प्रमुख सोमेश्वरनाथ स्वामी ने समाजहित में सेवा कार्य करने पर पुरोहित की सराहना की द्य पुरोहित ने भविष्य में भी छात्रा का आर्थिक सहयोग जारी रखने की बात कही द्य इस अवसर पर शिक्षिका पल्लवी,स्कूल व्यवस्थापक आनंद गौड़ा, अश्वस्थ, नरसे गौड़ा,कुमार गौड़ा आदि उपस्थित रहे।

## दतिया प्रवास पर रहे अर्पित गुप्ता का हुआ स्वागत



**पुष्पांजली टुडे न्यूज नेटवर्क**

**ग्वालियर-**एक दिवसीय दतिया दौरे पर रहे पुष्पांजली जनकल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय युवाध्यक्ष,लेखक व पुष्पांजली टुडे समूह के उपसम्पादक अर्पित गुप्ता जी का दतिया में यादगार स्वागत किया गया।इस दौरान दतिया पहुंचने पर सबसे पहले वह तीन दिवसीय आयोजन दतिया महोत्सव में पहुँचे जहां पर उन्हें सम्मानित किया गया।तदोपरांत पर दतिया के युवा समाजसेवी अभय गुप्ता के कार्यालय पहुंचे,जहां पर अभय गुप्ता जी ने उनका शॉल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।यहां बता दें कि अर्पित गुप्ता की पत्रकार,लेखक के साथ साथ एक समाजसेवी भी हैं और उन्हें पूर्व में भी मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यो में सम्मानित किया जा चुका है।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी का एक दिवसीय दौरा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव मध्य प्रदेश के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी व भिंड जिला कांग्रेस के प्रभारी



पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ला जी का एक दिवसीय द्वारा कल दिनांक 24 मई 2022 को समय 12ः00 स्थान सर्किट हाउस भिंड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे व आगामी चुनावी व संगठन की गतिविधियों के बारे में जिले के ब्लॉक अध्यक्ष व संगठन के लोगों से चर्चा करेंगे इस मौके पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा मौजूद रहेंगे यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुशवाहा द्वारा दी गई है।

### मुरैना एसपी आसुतौष बागरी ने अम्बाह थाने का किया ओचक निरीक्षण और शहर में फ्लैग मार्च के साथ लोग से पुलिस ब्यबस्था की ली जानकारी...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**



**अम्बाह...** पुलिस अधीक्षक आसुतौस बागरी ने आज दिनांक 23/05/22/को अचानक अम्बाह थाना पहुंचे जहा उन्होंने अम्बाह थाने का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी रबिन्द्र सिह से अपराध और अपराधियों के संबंध में जानकारी हासिल की तथा थाना का माल खाना, आर्म्स एमूनेशन, बलवा ड्रिल, टियर गैस का सामान चेक किया गया तथा थाने में समस्त आपराधिक रजिस्टर की जांच की और थाना क्षेत्र मैं फरार इनामी बदमाशों की लिस्ट मांगी, साथ अपराध करने बालो पर कारबाही व अपराधियो की तत्काल गिरफ्तारी करने के निर्देश भी दिए तथा थाना प्रभारी को समझाइश दी गई कि बलवा ड्रिल की सामग्री पर्याप्त मात्रा में अपने साथ लेकर चलें तदौपरान्त अम्बाह शहर में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। उन्होंने इस दौरान शहर के भीड़ भाड़ वाले स्थानों, बाजारों व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों व आमजन से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में संवाद स्थापित किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। संदिग्ध व्यक्तियों व दो पहिया बाहनो को रोककर जांच की और अम्बाह टीआई को बताया शहर में पुलिस दिखना चाहिये और अपराध किस्म के ब्यक्तियो पर तुरन्त कारबाही करे ताकि पता चले कि अपराधियो में भय है...

## शिवपुरी पुलिस ने धारा 327 व रंगदारी के अपराध मे हिस्ट्रीसीटर आरोपी को किया गिरफ्तार ।

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-दिनांक 04.05.2022 को थाना तेंदुआ पर फरियादी ने रिपोर्ट किया कि मैं अपने घर के बाहर दरवाजे पर खडा था तभी मेरा भाई विनोद रावत आया और बोला मुझे शराब के लिये रुपये दो पैसे नहीं देने की बात पर विनोद गांलिया दी और डण्डा से मारा और आईन्दा रुपये देने से मना किया तो जान से खत्म कर दूंगा । रिपोर्ट पर से थाना तेंदुआ पर अपराध क्रमांक 62/22 धारा 327, 323, 294, 506, भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । पुलिस अधीक्षक



शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये । अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एसडीओपी कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की गई एवं गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किये गये । पुलिस द्वारा आरोपी का पुराना रिकॉर्ड खंगाला तो आरोपी थाने का हिस्ट्रीसीटर निकला एवं 15 अपराध पंजीबद्ध निकले । थाना प्रभारी तेंदुआ उनि मुकेश दुबोलिया द्वारा पुलिस टीम बनाकर ग्राम देहरोद, पहाडी, रौंदा के पहुचे तो मुखबिर द्वारा सूचना मिली की आरोपी विनोद रावत आम रोड पर बैठा है सूचना पर से बरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन मे मुखबिर के बताये स्थान पर गये तो आरोपी गांव के पास रोड के पास खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागा जिसे घेर कर पकडा आरोपी से अपराध के संबंध में पूछताछ की गई तो अपराध करना स्वीकार किया, पुलिस द्वारा आरोपी हिस्ट्रीसीटर को गिरफ्तार किया गया । उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी तेंदुआ मुकेश दुबौलिया के अलावा कार्यवाहक उपनिरीक्षक जगदीश रावत, प्रधान आरक्षक विश्वनाथ तोमर, आरक्षक अमरीश कुमार, बलवंत पाल, दूल्हे जामोद, शिववीर सेंगर, विक्रम बाजोरिया, भुवनेश शर्मा और आरक्षक चालक रामअवतार गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही ।

### इस बार गेहूं का दाना भी हो गया पतला, सरकारी केंद्रों पर नहीं पहुंचा बिकने

# गर्मी से गेहूं की पैदावार में 20 फीसदी की कमी आई

**भोपाल।** गर्मी से गेंहू की पैदावार घटी है,इधर समर्थन मूल्य से अधिक बाजार में भाव जा पहुंचे। इस कारण से पिछले डेढ़ महीने में एक भी किसान सरकारी केंद्रों पर फसल बेचने के लिए नहीं पहुंचा। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार गर्मी जल्दी आने से गेहूं की पैदावार में 20 फीसदी की कमी आई है। इसके साथ ही गेहूं का दाना भी पतला हो गया। जिसके कारण उसका वजन भी कम हुआ है। गेहूं की पैदावार घटने से गेंहू की मांग बाजार में बढ़ी है। यही कारण है कि गेहूं किसान समर्थन मूल्य पर न बेचकर सीधे मंडी में व्यापारियों को बेच रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक का कहना है कि जब मौसम बदलता है तो उसकी प्रक्रिया धीरे धीरे होती है। पर जब भी अचानक से मौसम में परिवर्तन आता है तो उसका असर खेत में खड़ी फसल पर पड़ता है। क्योंकि ठंड से अचानक गर्मी पडने से फसल की नमी जाने लगती है और फसल सूखने लगती है। जिससे जो दाने धीमे धीमे तैयार होने थे वह अचानक आई गर्मी के कारण उनकी नमी जाती रहती है और दाना पतला हो जाता है जिससे उसका वजन भी कम हो जाता है। पैदावार घटने से किसान भी पूरी तरह से गेंहू बेचने के लिए मंडी नहीं पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि किसान गेंहू का अच्छा भाव लेने के लिए फसल को घर में रोककर बैठे हुए हैं।

#### गोदाम भी खाली पड़े

खाद्य विभाग के सूत्रों का कहना है कि इस बार समर्थन मूल्य पर अनाज न आने से गोदाम भी खाली पड़े हुए हैं। इधर सागर में जिन किसानों ने तेजस गेहूं की



फसल को समर्थन मूल्य पर बेचा है उस फसल में चमक कम होने से एफसीआई खरीदने के लिए तैयार नहीं है। जिसको लेकर परेशानी आ रही है। इस पर एक खबर की जाएगी। समर्थन मूल्य पर गेहूं की फसल 31 मई तक सरकार खरीद करेगी। खाद्य विभाग ने गेहूं की खरीद की तिथि बढ़ा दी है। इस बार गेहूं की फसल समर्थन मूल्य पर किसान नहीं बेच रहे। इसलिए सरकारी गोदाम खाली पड़े हुए हैं। सहकारी सोसायटियों के कांटे बंद रखे हुए हैं। पहली बार है जबकि एक भी किसान पिछले डेढ़ महीने में गेहूं,चना व सरसों बेचने के लिए सरकारी केंद्रों पर नहीं पहुंचा। उसका कारण बाजार में गेहूं,चना व सरसों की फसल के दाम समर्थन मूल्य से कहीं अधिक है। इस बार व्यापारी भी किसानों को नगद भुगतान कर रहे हैं। दूसरा बड़ा कारण यह भी बताया जा रहा है कि सरकार ने इस बार छन्ना लगाकर किसान की फसल तुलाने की शर्त रखी थी। इसलिए इस बार किसान ने समर्थन मूल्य की अपेक्षा व्यापारी को फसल बेचना ज्यादा सुविधा जनक माना। क्योंकि किसान को बाजार में भाव भी अच्छा मिला और छन्ना भी फसल पर नहीं लगवाना पड़ा। गौरतलब है कि मार्च आखिर में चना व सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू की गई थी और 10 अप्रैल से गेहूं की फसल की तुलाई जिले के 81 केंद्रों पर शुरू की गई थी। समर्थन मूल्य पर गेहूं का भाव 2015 रुपये निर्धारित किया गया है। जबकि चना पर 5250 और सरसों का 5050 रुपये निर्धारित किया गया है। लेकिन बाजार में इन फसलों का दाम कहीं अधिक है। इस पर किसान ने बाजार में गेहूं की फसल 2200 रुपये में बेचा और चना 6500 व सरसों 7000 रुपये में बेच रहा है।



## मुक्ति धाम अंबाह के लिए दान दिए 51 हजार नगदी।

**अंबाह।** मैत्री फाउंडेशन ग्रुपअंबाह के निरंतर समाज सेवा को देखते हुए हरिकांत गुप्ता,रमाकांत गुप्ता, विमल कुमार गुप्ता,उमेश गुप्ता, नीलम गुप्ता द्वारा अपने पूज्यनीय पिताजी स्वर्गीय श्याम बिहारी गुप्ता (जूता व्यवसाई)एवं माताजी स्व.सरोज देवी की स्मृति में मुक्ति धाम परिसर अंबाह मे पीने योग्य ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए इक्याबान हजार रुपए की सहयोग राशि मैत्री परिवार को प्रदान की गई।सौरभ जैन ने बताया कि मुक्ति धाम में बिजली चली जाने पर बोरिंग के पानी की बहुत किल्लत होती थी, इसी को देखते हुए इस गर्मी के मौसम में ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएगी।जिसमे से कुछ नल की टोटी मुक्ति धाम के बाहर भी लगाई जाएगी, जिससे राहगीरों को ठंडा पानी मिल सके।

# पेयजल की प्रतिदिन आपूर्ति करें सुनिश्चित : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनता को प्रतिदिन पीने का पानी मिले, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। पानी की आपूर्ति नल, टैंकर, ट्यूबवेल से हो या फिर परिवहन करना पड़े, जो भी व्यवस्था आवश्यक है, वह करें और प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रातः 6¬30 बजे निवास कार्यालय से राजगढ़ और बड़वानी जिले की वर्चुअली समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिये। बड़वानी जिले के प्रभारी एवं पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री प्रेम सिंह पटेल, राजगढ़ जिले के प्रभारी एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, कलेक्टर राजगढ़ हर्ष दीक्षित और कलेक्टर बड़वानी शिवराज सिंह वर्मा तथा जिले के अधिकारी बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बड़वानी में गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक लाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहित करने शुरू किए गए ÷मिशन उम्मीद÷, ग्रामीणों के समस्त आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराने ÷पहुँच अभियान÷ और अंकुर अभियान में वृक्षा-रोपण के लिए



संचालित गतिविधियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ÷मिशन उम्मीद÷ और ÷पहुँच अभियान÷ का क्रियान्वयन अन्य जिलों में भी प्रभावी रूप से किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आकांक्षी जिलों में सभी 6 सूचकांक की स्थिति सुधार के लिए विशेष गतिविधियाँ प्राथमिकता से चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आँगनवाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत सुविधाएँ बढ़ाने के साथ, कुपोषण दूर करने जन-भागीदारी को शामिल कर जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि और समाज के लोगों को साथ लेकर अभियान चलाने की आवश्यकता है। हमें यह भाव विकसित करना होगा कि बच्चों के पोषण स्तर में सुधार, सरकार के साथ समाज की जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आँगनवाड़ी के बच्चों के लिए सामग्री एकत्र करने के उद्देश्य से 24 मई को भोपाल में वे स्वयं निकलेंगे। जिलों में जन-प्रतिनिधि भी आगे आये। इस प्रकार के अभियान से आँगनवाड़ियों के संचालन में सकारात्मक प्रभाव होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राशन वितरण की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण और मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना का अनाज हितग्राहियों को एक साथ वितरित किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में नियमों में आवश्यक संशोधन के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब का राशन कोई और खा जाए, यह सहन नहीं किया जाएगा। राशन वितरण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की सेवाएँ समाप्त की जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए हैं, उन्हें सही मूल्य पर निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जिला स्तर पर व्यवस्था स्थापित की जाए। सीमेंट-लोहा जैसी सामग्री एक साथ क्रय कर, हितग्राहियों को तुलनात्मक रूप से कम कीमत पर सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों को आवास आवंटित किया गया है, उनकी सूची पंचायतों में लगाये। साथ ही सभी आवंटितों को आवास आवंटन के संबंध में स्वीकृति की जानकारी उनकी ओर से चिट्ठी के माध्यम से देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आवास योजना में जिन हितग्राहियों को आवंटन और पहली किस्त जारी हो गई है, उनकी प्रतिक्रियाएँ सोशल मीडिया पर लाने के लिए व्यवस्था स्थापित की जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों को बेहतर कार्य के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मैदानी अमले में यह भाव विकसित करना होगा कि वे गरीब का मकान बनवाने में मदद कर पुण्य का कार्य कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य है कि प्रधानमंत्री आवास, आवास प्लस आदि योजनाओं में बनने वाले आवास गुणवत्तापूर्ण हों और हितग्राहियों के आवासों का निर्माण बिना कठिनाई के पूर्ण हो।



## एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म, सभी बच्चे स्वस्थ

### जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन से निकाले गए बच्चे स्वस्थ।

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

दिनांक 23 मई 2022 को जिला चिकित्सालय बालाघाट में किरनापुर तहसील के ग्राम जराही की 26 वर्षीय प्रीति नंदलाल मेश्राम ने एक साथ 04 बच्चों को जन्म दिया है। इनमे तीन लड़के एवं 01 लड़की शामिल है। चारों बच्चे स्वस्थ्य हैं। यह बालाघाट जिले में अपनी तरह का पहला मामला है। सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ संजय धबड़गांव ने बताया कि आज 23 मई 2022 को जराही की प्रीति नंदलाल मेश्राम ने ऑपरेशन से 4 बच्चों को सफलतापूर्वक जन्म दिया है। ट्रामा यूनिट की विशेषज्ञ टीम में शामिल डॉ. रश्मि वाघमारे और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मेश्राम, स्टाफ सिस्टर सरिता मेश्राम एवं उनकी कुशल टीम के द्वारा आज प्रात: 11 प्रीति नंदलाल मेश्राम उम्र 26 वर्ष का ऑपरेशन किया गया। जिसमें 4 बच्चों ने एक साथ जन्म लिया है। उनमें तीन लड़के एवं एक लड़की शामिल है। चारों बच्चों को जिला चिकित्सालय की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया गया है । वर्तमान में सभी चारों बच्चे स्वस्थ हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं है। इस कुशल ऑपरेशन के लिए डॉ मनोज पांडेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिला चिकित्सालय की डॉक्टरों की टीम को बधाई प्रेषित की एवं सभी को इसी प्रकार मानव सेवा करने के लिए प्रेरित किया है।

# दो दोस्तो ने विवाहिता के साथ किया गैंग रेप

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर काफी समय से बना रहे थे हवस का शिकार

**भोपाल।** राजधानी के पॉश इलाके अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में विवाहिता के साथ दो दोंस्तो द्वारा बीते काफी समय से गैंग रेप किये जाने का मामला सामने आया है। दोनों आरोपी आपस मे करीबी दोस्त हैं, जो पीडीता का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसे अपनी हवस का शिकार बना रहे थे। आखिरकार आरोपियो की करतूत से परेशान होकर पीड़िता ने परिवार वालो को जानकारी दी ओर थाने जाकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ गैंग रेप सहित एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में मामला कायम कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेते हुए आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। पुलिस ने प्रकरण की केस डायरी सहित दोनों आरोपियों को अजाक थाना पुलिस के हवाले करेगी। थाना पुलिस से मिली



जानकारी के अनुसार इलाके मे रहने वाली 23 साल की महिला ने अपनी शिकायत मे बताया कि वो विवाहिता है ओर उसकी डेढ़ साल की बेटी है। इलाके में ही रहने वाले सोनू यादव (26) और कमलेश सोनी (32) भी विवाहित है। दोनों प्रायवेट काम करते हैं। एक ही इलाके में रहने के कारण महिला की दोनों आरोपियों की जान पहचान थी। आरोप है कि सोनू ने उससे पहचान बढाकर अपनी बातो मे फंसाकर बहाने से घर बुला लिया और वहॉ उसके साथ जर्बदस्ती दुष्कर्म कर डाला। दुष्कर्म के बाद सोनू ने अपने 32 साल के दोस्त कमलेश सोनी को भी बुला लिया, ओर फिर दोनों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपियों ने उसे धमकी देते हुए कहा कि यदि उसने घटना के बारे मे बारे किसी को भी बताया या शिकायत की तो वो उसे बदनाम कर देगे। इसके बाद दोनों कभी अकेले तो कभी सामूहिक रूप से उससे दुष्कर्म करने लगे। आरोप है कि एक बार आरोपियों ने उससे बलात्कार करते समय आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। ओर फिर उस वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर उसे ओर उसके परिवार को समाज मे बदनाम करने की धमकी देकर लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहे थे। करीब तीन साल तक महिला आरोपियो की धमकी ओर परिवार की बदनामी के डर से खामोश रही । बीती 29 अप्रैल को भी आरोपियों ने उससे आखरी बार दुष्कर्म किया। आखिरकार पीडीता ने उनकी धमकियो ओर शोषण से तंग आकर हिम्मत जुटाते हुए उनका विरोध करते हुए कहा कि आगे से उसे परेशान करने पर वो उनकी शिकायत पुलिस मे कर देगी। इसके बाद भी आरोपी नहीं माने और रविवार को उसे घर आने के लिये दबाव बनाने लगे। तंग आकर महिला ने अपने परिवार वालो को उनकी सारी करतूत बताई ओर फिर उनके साथ अरेरा हिल्स थाने जा पहुंची।

# अंबाह मैं धड़ल्ले से संचालित अवैध पैथलोजी लैब के प्रति सुस्त बीएमओ डीएस यादव और सीएमएचओ राकेश शर्मा कहना है कि राइटिंग मैं दो इससे क्या समझा जाए...?

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर मैं अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब संचालित है जिसकी ओर प्रशासन का कोई जिम्मेदारी पूर्ण रवैया नहीं अपना रहा है जिसकी जब सूचना दी गई तो कोई ऐसा जवाब नही मिला जिससे लगता हो कि इन पैथलॉजी लेब के प्रति कोई कार्यवाही जिम्मेदार प्रशासन करेगा क्या केवल कागजों पर टीम गठित करने से ही अधिकारियों की जवाबदेही पूर्ण जाती है क्या धरातल पर इसका कोई असर होगा भी या नही,या फिर कार्यवाही करने के नाम पर कोई नया बहाना इस तरह से अवैध चल रही पैथोलॉजी लैब पर छापा डालकर उन लोगों को चिन्हित क्यों नही कर रहा स्वास्थ विभाग जो नियमों कानूनों को ताक पर रख कर ना सिर्फ आम लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं बल्कि गैर



कानूनी तरीके से पैथोलॉजी भी चला रहे हैं. जब बीएमओ डीएस यादव को सूचना दी गई तो उनका कहना था कि हम देखेंगे, जब सीएमएचओ राकेश शर्मा को सूचना दी गई तो उनका कहना था कि राइटिंग मैं दो जिम्मेदार प्रशासन के इस रवैए से क्या समझा जाए......?

## कार लोन दिलाने का झांसा देकर शातिर ने व्यापारी को लगा दी सात लाख की चपत

**भोपाल।** नये शहर के कोलार थाना इलाके मे रहने वाले एक व्यापारी को कार लोन दिलाने का झांसा देकर शातिर ने लाखो की चपत लगा दी। थाना पुलिस के अनुसार 43 वर्षीय देवमणि सिंह ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वो कारोबारी हैं। कुछ महीने पहले वो एक मंहगी कार खरीदने के लिए शोरूम गए थे। कार को फासनेंस कराने के लिये जब उनहोने अपनी सिविल चेक कराई तो पता चला कि पुराने लोन समय पर नहीं चुकाने के कारण उनका सिविल स्कोर ठीक नही है, जिस कारण कई नामी फासनेंस कंपनिया उन्हें वाहन के लिए लोन नहीं देगी। उनका रिकार्ड देखकर शोरूम के कर्मचारियों ने उन्हे मना कर दिया। इसी बीच मार्च महीने ने उनकी मुलाकात एक युवक से हुई। आरोपी ने अपना नाम अनुज शर्मा बताते हुए कारोबारी से कहा कि वो उसकी पहचान कई निजी फाइनेंस कंपनियों में है, जिसके चलते वो उनका कार लोन मंजूर करा सकता है।

# हनुवंतिया में कंटेनर होम से विस्तार करने की तैयारी में पर्यटन विभाग

### लोकप्रियता के चलते कम पड़ने लगी है जगह ओंकारेश्वर में भी विस्तार काम, पुरानी बिल्डिंग का हो रहा रिनोवेशन

**भोपाल।** पर्यटन विकास निगम की इंदौर रीजन के अंतर्गत आने वाली कुछ प्रॉपर्टी का विस्तार कर रहा है। इसमें सबसे प्रमुख हनुवंतिया है, जहां जल महोत्सव की बढ़ता लोकप्रियता के चलते अब जगह कम पडने लगी है। विभाग यहां कुछ कमरे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

पर्यटकों का रूख देखते हुए प्रदेश में पर्यटन को लेकर काफी काम किया जा रहा है। इंदौर रीजन में भी कुछ प्रॉपर्टी ऐसी है, जो पर्यटकों की पहली पसंद है। यहां विभाग अब खास ध्यान दे रहा है। इंदौर रीजन के अंतर्गत आने वाली 3 प्रॉपर्टी पर पहले काम किया जा रहा है। मांडू में विस्तार काम पूरे हो चुके हैं। यहां 16 कमरे बढ़ाए गए हैं। वहीं, हनुवंतिया में विभाग विस्तार काम करने का तैयारी में हैं। पर्यटन विकास निगम हनुवंतिया में होने वाले जल महोत्सव के पहले यहां विस्तार काम पूरे करेगा, जिसके लिए योजना तैयार की जा रही है। फिलहाल यहां पर्यटन विकास निगम के पास 10 ही कमरे हैं, जो जल महोत्सव के वक्त कम पड़ जाते हैं। विभाग यहां कुछ और कमरे बढ़ाने की तैयारी में हैं। विभाग की योजना है कि यहां कंटेनर होम्स लाकर रखे जाएं। इसके लिए योजना तैयार की जा रही है। विभाग जल महोत्सव के पहले यहां विस्तार काम पूरे कर लेना चाहता है। अपने आप में संपूर्ण होते हैं कंटेनर होम्स भारत में अब कुछ कंपनियां कंटेनर होम्स बनाने लगी है। लोगों की सुविधानुसार ये कंटेनर होम्स डिजाइन करके देती है। इन कंटेनर होम्स में बॉथरूम, एसी, लाइट से लेकर फर्नीचर तक कंपनी ही तैयार करके देती है। ये अलग-अलग साइज में भी बनाए जाते हैं। आमतौर पर ये कंटेनर होम्स करीब 7 लाख तक के होते हैं, लेकिन उसमें सुविधाओं के हिसाब से इसकी कीमत बढ़ भी जाती है।

### -हाईकोर्ट के आदेश पर अब 25 से ऑनलाइन आवेदन का मौका, त्रुटि भी सुधार सकेंगे

# स्टेट इंजीनियरिंग की परीक्षा के लिए नए सिरे से आवेदन का मौका

**भोपाल।** हाईकोर्ट के आदेश पर अब मप्र लोक सेवा आयोग ने स्टेट इंजीनियरिंग की परीक्षा के लिए नए सिरे से ऑनलाइन आवेदन की तारीख घोषित कर दी है। 25 मई से तीन जून तक ऑनलाइन आवेदन का मौका दिया गया है। इस बार दूसरे राज्य के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा की तारीखों की घोषणा आयोग बाद में करेगा।

मप्र लोक सवा आयोग ने शासन के विभिन्न विभागों में सहायक इंजीनियरों के पदों पर भर्ती के लिए राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021 का विज्ञापन 30 दिसंबर 2021 को आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था। इस विज्ञापन के द्वारा विज्ञापित पदों की पूर्ति के लिए 22 मई 2022 को इंदौर, भोपाल, जबलपुर व ग्वालियर स्थित केंद्रों पर परीक्षा होना था।

**आयोग ने राज्य के मूल निवासी को ही मौका दिया था:** मप्र लोक सेवा आयोग ने जो विज्ञापन निकाला था, उसमें सिर्फ मप्र के मूल वांशिदों को ही आवेदन भरने का मौका दिया गया था। इसे यूपी के आवेदकों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 17 मई को हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने उनके पक्ष में अंतरिम आदेश जारी करते हुए दूसरे राज्यों के आवेदकों को भी मौका देने के लिए नए सिरे से आवेदन की तारीख तय करने का आदेश दिया था।

**हाईकोर्ट ने ये राहत भी दी है:** हाईकोर्ट ने इस परीक्षा के संदर्भ में दायर याचिका के क्रम में अंतरित आदेश में अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को बिना एमपी के रोजगार कार्यालय में पंजीयन की अनिवार्यता के राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021 में शामिल होने की अनुमति दी है। आयोग को आदेशित किया था कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र में जरूरी सुधार के बाद कम से कम 7 दिन के लिए ऑनलाइन आवेदन लेने की सुविधा दी जाए। आयोग ने 10 दिन का मौका दिया है।

**अब इस शर्तो के साथ आवेदन भर सकते हैं अभ्यर्थी:** आयोग ने 22 मई को आयोजित परीक्षा को स्थगित कर दिया है। अन्य प्रदेशों के अभ्यिर्थयों को रोजगार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है। मप्र के मूल निवासियों को रोजगार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है। मप्र के मूल निवासियों को रोजगार कार्यालय का पंजीयन आवेदन करते समय देना आवश्यक नहीं होगा। ऐसे अभ्यथियों को साक्षात्कार के समय मप्र के रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**इनको रोजगार कार्यालय के पंजीयन से मिलेगी छूट:** मप्र शासन की सेवा में कार्यरत शासकीय, निगम, मंडल, उपक्रम, आयोग, बोर्ड, विश्वविद्यालय, स्वशासी संस्था के कर्मचारी और नगर सैनिक अभ्यर्थियों को अपने विभाग या कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र पेश करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को एनओसी पेश करने पर रोजगार पंजीयन से छूट रहेगी।

## शादी के चार महीने बाद नवविवाहिता की ससुराल में संदिग्ध हालातों में मौत

**भोपाल।** शहर के ग्रामीण थाना इलाके परवलिया में नवविवाहिता की संदिग्ध हालातों में मौत हो जाने की घटना प्रकाश मे आई है। परिवार वालो ने उसके शव को बेसूध हालत मे कमरे में पड़ा देखा था। तुरंत ही उसे इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जहॉगिराबाद इलो मे रहेन वाली संजना विश्कर्मा की शादी इसी साल फरवरी माह मे कुराना गांव थाना क्षेत्र परवलिया मे रहने वाले दीपक विश्कर्मा से हुई थी। संजना घरेलू महिला थी। वही उसका बैरागढ़ में स्थित एक कपड़े की दुकान में सैल्समेन का काम करता है, ओर उसके भाई की कपडे की दुकान है। शनिवार दोपहर को दीपक ओर उसका भाई काम पर चले गये थे। इस दौरान घर में संजना सहित उसके सास-ससूर ओर देवर की पत्नि मौजूद थी। दोपहर के समय सास ससूर ने बहू संजना को उस के कमरे मे जमीन पर बेहोश हालत मे पड़ा देखा था।

# शहर के नए वार्डों में विकास की श्रृंखला जारी रहेगी: श्री भारत सिंह कुशवाह





### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने वार्ड 62 व 63 में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

ग्वालियर। ग्वालियर शहर से जुड़े नए वार्डों में विकास की जो श्रृंखला शुरू हुई है, उसे थमने नहीं दिया जायेगा। ग्रामीण वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने शहर के वार्ड 62 व 63 की विभिन्न बस्तियों में विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रमों में कही।

बीते रोज देर शाम राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने शहर के वार्ड क्र.-62 के अंतर्गत सेंथरी में 25 लाख की लागत से बनने जा रही सीमेंट कंक्रीट सड़क का भूमिपूजन किया। इसी तरह वार्ड-63 के अंतर्गत जमाहर के हाईस्कूल को स्मार्ट स्कूल में तब्दील करने के लिये विभिन्न कार्यों की आधारशिला रखी। इन कार्यों पर लगभग 15 लाख 29 हजार रूपए की राशि खर्च की जायेगी।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के संकट के बाबजूद मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी सूझबूझ और दृढ़ इच्छाशक्ति की बदौलत प्रदेश में विकास का पहिया थमने नहीं दिया है। प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों के साथ-साथ आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को प्रतिष्ठित निजी स्कूलों की तर्ज पर शिक्षा दिलाने के लिये अभियान बतौर सीएम राईज स्कूल खोले जा रहे हैं। साथ ही अन्य स्कूलों को स्मार्ट स्कूल में उन्नत किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

एमपीसीसीआई का 117वां स्थापना दिवस

## ग्वालियर, 23 मई । सिंधिया राजवंश द्वारा 26 मई,1906 से स्थापित म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, ग्वालियर अपनी सेवा यात्रा के 116 वर्ष पूर्ण




कर चुकी है। ग्वालियर में व्यापार-उद्योग के विकास के लिए स्थापित की गई यह संस्था मात्र 24 सदस्यों के साथ प्रारंभ हुई थी। यह संस्था आज वटवृक्ष का रूप ले चुकी है। इस ऐतिहासिक संस्था का दि. 26 मई,22 को 117वॉ स्थापना दिवस है । इस अवसर पर दिनांक 25 मई,22 को शहर के युवा युद्यमियों के लिए भारत सरकार की 'स्टार्टअप' योजना पर एक सेमीनार का आयोजन 'चेम्बर भवन' में प्रातः 10.30 बजे किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री ओमप्रकाश सखलेचा, एमएसएमई मंत्री, म. प्र. शासन एवं विशिष्ठ अतिथि, सांसद-माननीय श्री विवेकनारायण शेजवलकर होंगे । स्थापना दिवस, 26 मई को संस्था के पूर्व अध्यक्षगण, जिनका इस संस्था की 116 वर्ष की गौरवशाली यात्रा में अमूल्य योगदान रहा है, जो कि हमारे लिए सदैव स्मरणीय रहेगा । इस उपलक्ष्य में उनका सम्मान किया जाएगा । इस अवसर पर मुख्य अतिथि, माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार तथा विशिष्ठ अतिथि, माननीय डॉ. राधाशरण गोस्वामी, अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ म. प्र. चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री, भोपाल होंगे । यह कार्यक्रम 26 मई को दोपहर में 12.00 बजे 'चेम्बर भवन' में आयोजित होगा । इस अवसर पर एमपीसीसीअई के प्रथम अध्यक्ष-श्री लाला भिकारीदास-परिजन, सेठ फूलचन्द राजाजीवाले-परिजन, श्री लाला रामजीदास वैश?य-परिजन, श्री दुर्गाप्रसाद मण्डेलिया-परिजन, श्री श्रीकृष्णदास गर्ग-परिजन, डॉ. वीरेन्द्र कुमार गंगवाल, श्री गोविन्द दास अग्रवाल-परिजन, श्री सतीश अजमेरा-परिजन, श्री जी.डी. लड्ढा, श्री विष्णुप्रसाद गर्ग एवं श्री अरविन्द अग्रवाल का सम्मान किया जायेगा। स्थापना दिवस की रात्रि में 9.00 बजे सुप्रसिद्ध गायक, अल्ताफ राजा द्वारा अपने नगमें प्रस्तुत किए जाएँगे । साथ ही उनकी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा । यह आयोजन संगम वाटिका, झांसी रोड पर आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री, माननीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना : नगर निगम सहित जिले की सभी पंचायतों में होंगे सामूहिक विवाह सम्मेलन

#### आवेदन 15 दिन पूर्व करना जरूरी

ग्वालियर। जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत मौजूदा माह में नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के सभी विकासखण्डों में सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किए जायेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तिथियाँ निर्धारित कर दी गई हैं। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने सामूहिक विवाह सम्मेलनों की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अधिकाधिक जरूरतमंद परिवार अपनी कन्याओं का विवाह करा सकें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय श्री राजीव सिंह ने बताया कि नगर निगम ग्वालियर के तत्वावधान में 8 जुलाई 2022 को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी तरह नगर पालिका डबरा, जनपद पंचायत मुरार, डबरा व भितरवार में भी 8 जुलाई 2022 को सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सामूहिक विवाह सम्मेलन का व्यापक प्रचार-प्रसार कर विवाह के लिये आवेदन प्राप्त करें। साथ ही इसकी जानकारी प्रतिदिन संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण को भी दी जाए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलनों में विवाह करने पर प्रदेश सरकार द्वारा वधु पक्ष को 11 हजार रूपए का चैक तथा 38 हजार रूपए की सामग्री प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के लिए आवेदन 15 दिन पूर्व किया जाना आवश्यक है।

### नर्सिंग कॉलेज कैंसर हॉस्पिटल की छात्राओं को दिया डेंगू से बचाव का प्रशिक्षण

**एक सैकड़ा छात्र छात्राओं ने लिया डेंगू मुक्त ग्वालियर बनाने का संकल्प**

ग्वालियर। ग्वालियर शहर को डेंगू से सुरक्षित करने के उद्देश्य से विगत



16 मई 2022 से फैमिली हेल्थ इंडिया एम्बेड परिजोजनआ व जिला स्वास्थ्य समिति ग्वालियर द्वारा चलाए जा रहे डेंगू जागरूकता पखवाड़े के तहत आज 23 मई 2022 को कैंसर हॉस्पिटल नर्सिंग कॉलेज में डेंगू से रोकथाम एवं बचाव विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन जिला मलेरिया अधिकारी डॉ नीलम सक्सेना के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला समन्वयक एम्बेड परियोजना विजय मिश्रा व मलेरिया निरीक्षक नरेंद्र बाथम द्वारा डेंगू व मलेरिया की रोकथाम व बचाव के विषय में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान एम्बेड टीम सुमित शर्मा, सुमित घनघोरिया द्वारा मच्छर के लार्वा का प्रदर्शन कर पानी को ढककर रखने व पानी के बर्तनों की नियमित सफाई करने की सलाह दी गई और मच्छर का लार्वा न पनपने हेतु आवश्यक सावधानियां बताई गई। कार्यक्रम में उपस्थित मलेरिया इंस्पेक्टर रामजीलाल शाक्य व अन्य सहयोगी मलेरिया विभाग के कर्मचारियों द्वारा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को डेंगू मुक्त ग्वालियर बनाने की शपथ भी दिलाई गई। आयोजित किये गए सम्पूर्ण कार्यक्रम में एक सैकड़ा नर्सिंग छात्र छात्राओं के साथ कुल एक सौ सत्ताईस नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया।

### ग्वालियर की पहल पूरे प्रदेश के लिये उदाहरण बनेगी : श्री भारत सिंह कुशवाह

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह ने बेहट में किया दंत क्रांति शिविर का शुभारंभ**

ग्वालियर। ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र मध्यप्रदेश का ऐसा पहला विधानसभा क्षेत्र है, जहाँ इतने वृहद स्तर पर आम जनता के दाँतों का मँहगा इलाज सरकार द्वारा अपने खर्चे पर कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विशेष रूचि लेकर इसके लिये धनराशि का इंतजाम कराया है। यह बात उद्यानिकी व खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं क्षेत्रीय विधायक श्री भारत सिंह कुशवाह ने ग्राम बेहट में सोमवार से शुरू हुए दंत क्रांति शिविर के उदघाटन कार्यक्रम में कही। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में लगाए जा रहे दंत क्रांति शिविर में आम जनता के दांतों का आधुनिक मशीनों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की मदद से निश्शुल्क जाँच व उपचार तो होगा ही, साथ ही 20 से 25 हजार रूपए में लगने वाली दाँतों की बत्तीसी, 3 से 5 हजार रूपए में होने वाला रूटकेनाल ट्रीटमेंट, 15 से 25 हजार रूपए में होने वाला बच्चों के टे?-मे? दाँतों का इलाज (ऑर्थो डॉन्टिक ट्रीटमेंट) भी सरकार के खर्चे पर किया जायेगा।

# रस्साकसी में रजिस्ट्रार टीम बनी विजेता, नाटक से दिखाई नारी की पीड़ा



ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। इसके लिए सुबह कई तरह की स्पोर्ट्स एक्टिविटीज हुईं। जेयू के खेल परिसर में हुई इन स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का शुभारंभ माननीय कुलपति प्रो अविनाश तिवारी ने किया।

इनमे स्लो साइकिल, फास्ट साइकिल रेस, इमरती रेस, रस्साकसी, बलून शूटिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन जैसे खेल शामिल थे।

जेयू के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने इन एक्टिविटीज में भाग लेकर ड़ीतने के लिए प्रयास किए।

स्लो साइकिल रेस में साइकिल को सबसे स्लो ड्राइव करना था। तीन चरणों मे हुआ यह इवेंट काफी चैलेंजिग था। इसके बाद फास्ट साइकिल रेस भी तीन चरणों मे हुआ। इसी क्रम में रस्साकसी हुआ, जिसमे एक तरफ कुलपति जी की टीम तो दूसरी तरफ कुलसचिव जी की टीम ने अपनी अपनी टीम को जिताने के लिए जोर आजमाइश की। इसके बाद बलून शूटिंग, इमरती रेस काफी मनोरंजक रहे।

### कल्चरल नाइट ने बढ़ाया मनोरंजन

स्थापना दिवस को और अधिक मनोरंजक बनाने के लिए शाम को कल्चरल नाईट का आयोजन जेयू के गालव सभागार में हुआ। माननीय कुलपति प्रो अविनाश तिवारी और कुलसचिव डॉ सुशील मन्डेरिया व डॉ पुष्पा तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर के किया

इनमे मंच से युवा कलाकारों ने पारंपरिक परिधानों में राजस्थानी लोक नृत्य का फ्यूजन, लांगुरिया पर समूह लोक नृत्य पेश किया। राजस्थान के लोक नृत्य फ्यूजन काफी आकर्षक रहा, जिसमे देवी के रूपो को मंच से युवा कलाकारों ने दिखाकर आकर्षक प्रस्तुति दी। वहीं कुछ कलाकारों ने सारंगी व तबले की आकर्षक जुगलबंदी से सबका मन मोह लिया। इसी क्रम में सूफी गायन, मिमिक्री भी हुए। मनोरंजन के क्रम में मोमबत्ती नाटक का मंचन भी हुआ। विमल वर्मा द्वारा निर्देशित इस 40 मिनट के नाटक के माध्यम से सात युवा कलाकारों ने मंच से नारी की पीडा को बताने की कोशिश की, कि किस तरह समाज के लोग अंत मे मोमबत्ती लगाकर महज संवेदना व्यक्त करते हैं।

अंत मे सभी मनोरंजक गतिविधियों के विजेताओं को पुरुस्कार व प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।।

इस अवसर पर प्रो जेएन गौतम, प्रो एसके द्विवेदी, प्रो विवेक बापट, प्रो एसके सिंह, प्रो डीसी गुप्ता, डॉ हरेंद्र शर्मा, प्रो एमके गुप्ता, प्रो नलिनी श्रीवास्तव, डॉ सुमन जैन, डॉ समीर भाग्यवन्त, डॉ साधना श्रीवास्तव, एफसी राजीव मिश्रा, एआर कुलदीप चौहान, इंजीनियर विश्वरंजन गुप्ता, राजेश नायक, राकेश गुर्जर सहित कई शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### ये विजेता हुए पुरुस्कृत

**स्लो साइकिल रेस-**

प्रथम-प्रो एसके सिंह, द्वितीय- राकेश गुर्जर, तृतीय- राजीव मिश्रा

**फास्ट साइकिल रेस**

प्रथम- कुलदीप चौहान, द्वितीय- राजेश नायक, तृतीय- जेएन गौतम

**रस्साकसी**

रजिस्ट्रार टीम

इमरती रेस-

प्रथम- राजेश नायक, द्वितीय- कुलदीप चौहान, तृतीय- राजीव मिश्रा

**टेबल टेनिस सिंगल**

प्रथम- प्रो विवेक बापट, द्वितीय- सन्तोष तिर्की

**बैडमिंटन डबल्स**

प्रो एमके गुप्ता, डॉ समीर भाग्यवन्त

**बलून शूटिंग**

प्रथम- डॉ साधना श्रीवास्तव, डॉ राजीव मिश्रा

**म्यूजिकल चेयर**

प्रथम-राजेश नायक, द्वितीय- वेदवीर सिंह

## निर्वाचन के कार्यों को पूर्ण गंभीरता से लें अधिकारी: कलेक्टर श्री आशीष तिवारी

**नोडल अधिकारियों की बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

ग्वालियर। मध्यप्रदेश में पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन की अधिसूचना शीघ्र ही जारी हो सकती है। निर्वाचन के संबंध में विभागीय अधिकारियों को जो भी जवाबदारी सौंपी जाए, उसका निर्वहन अधिकारी तत्परता से करें। निर्वाचन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने निर्वाचन के संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में निर्वाचन के लिये नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम श्री इच्छित गड़पाले, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा नोडल अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री तिवारी ने नोडल अधिकारियों से कहा है कि निर्वाचन के लिये चिन्हित मतदान केन्द्रों का समय रहते निरीक्षण करें। मतदान केन्द्रों की सभी व्यवस्थायें चाक-चौबंद हों, यह भी सुनिश्चित किया जाए। मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केन्द्र के बाहर मतदान केन्द्र अंकित करने का कार्य भी तत्परता से किया जाए। नोडल अधिकारी सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि पंचायत चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो जायेगी। आदर्श आचार संहिता का पालन करना भी सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से तथा नगरीय निकाय चुनाव इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से सम्पन्न होंगे।

**विभाग प्रमुख अपने अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी शीघ्र दें**

कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने निर्वाचन कार्यों की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने ङ्क अपने कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराएँ। जिन विभागों ने अब तक जानकारी प्रस्तुत नहीं की है वे 24 घंटे में अपने अधीनस्थ अमले की जानकारी प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्यालय द्वारा चाही गई जानकारी न उपलब्ध कराना गंभीर अनियमितता मानी जायेगी। ऐसे विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध निर्वाचन की धाराओं के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों के निर्धारण के लिये राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी संयुक्त रूप से भ्रमण करें।




# एंटी माफिया अभियान के तहत हो कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर श्री तिवारी

### अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश



ग्वालियर। एंटी माफिया अभियान के तहत जिले में हो कड़ी कार्रवाई । जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी ब्लॉक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम श्री इच्छित गड़पाले सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा है कि जिले में एंटी माफिया अभियान के तहत प्रभारी कार्रवाई की जाए। सभी प्रकार के माफियाओं के विरूद्ध चरणबद्ध कार्रवाई हो। शराब माफिया, खनिज माफिया के साथ-साथ मिलावट करने वालों के विरूद्ध भी की जाए कार्रवाई । भू-माफियाओं पर कार्रवाई के लिये अनुविभागीय अधिकारी प्रभावी कार्रवाई करें। अवैध उत्खनन, परिवहन करने वालों के विरूद्ध भी खनिज विभाग कार्रवाई सुनिश्चित करे। खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन में जो वाहन राजसात किए गए हैं उनकी नीलामी की कार्रवाई भी की जाए।

बैठक में संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में जितने भी संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है, उन्हें तत्परता से प्रारंभ करने की कार्रवाई की जाए। शहरी क्षेत्र में भी 35 संजीवनी क्लीनिकों में से अभी 22 संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ हुए हैं। शेष क्लीनिकों को प्रारंभ करने की कार्रवाई भी शीघ्रता से की जाए। इसी प्रकार डबरा, भितरवार एवं घाटीगांव में भी स्वीकृत संजीवनी क्लीनिक प्रारंभ हो। संजीवनी क्लीनिक पर निर्धारित सभी स्वास्थ्य सुविधायें आम लोगों को मिलें यह भी सुनिश्चित

### कांग्रेस के अध्यक्ष पद चार वर्ष पूर्ण होने पर स्वागत किया

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के कांग्रेस जिला अध्यक्ष के रूप में सफलतापूर्वक चार वर्ष पूर्ण करने पर आज कांग्रेस भवन पर अल्पसंख्यको, अनुसूचित जाति, विष्वकर्मा समाज व कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने डॉ. देवेन्द्र शर्मा का माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। दिन भर कांग्रेस भवन पर जिला अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने आज कांग्रेस भवन पर चार वर्ष पूर्ण होने पर स्वागतकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि 2022 में सम्पन्न होने वाले नगर निगम चुनाव, 2023 में सम्पन्न होने वाले विधानसभा चुनाव, 2024 में सम्पन्न होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस होगी प्रत्याशी चुनाव चिन्ह होगा हाथ निषान, कांग्रेस की जीत से ही हर कार्यकर्ता की बड़ेगी शान।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478